आज का मौसम | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:05

तापमान
अधिकतम 41.2
न्यूनतम 25.5

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

आरएसएस भाजपा की विचारधारा को हराना मेरा लक्ष्य : राहुल गांधी



लक्ष्य बड़ा ही होना चाहिए भले ही उसे पाने में.......

वर्ष-50 | अंक-134 | सोमवार 16 मई, 2022 | बैसाख, शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

# सियासत में हुई राड़, भाकियू दो फाड़

## ❑चौधरी टिकैत के खासमखास रहे कई लोग रपटे ❑राजेश चौहान अध्यक्ष व राजेंद्र मलिक को संरक्षक बनाया

लखनऊ, १५ मई (एजेंसी)। भाकियू संस्थापक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के अवसर पर यहां हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के गठन का ऐलान करते हुए इसे असली भाकियू बताया गया। इस मौके पर भाकियू के कई पदाधिकारियों ने संगठन के अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत व प्रवक्ता राकेश टिकैत आदि पर संगठन का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए उनके निष्कासन का ऐलान किया।

रविवार को लखनऊ के गन्ना संस्थान परिसर में हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का अध्यक्ष राजेश चौहान को बनाने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर तथा प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा बनाए गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान और प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन अपने किसानों के मूल मुद्दों से भटक गई है और अब राजनीति करने लगी है। इसलिए भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक की आवश्यकता महसूस हुई। यह संगठन केवल किसान हित में काम करेगा। अलग गुट के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने कहा कि संगठन में न तो किसानों की वास्तविक समस्याओं को सरकार के सामने उठाया जा रहा है न संगठन में लोकतंत्र है और न ही यह संगठन अराजनैतिक रहा है। देश में एक ऐसे किसान संगठन की जरूरत है जो देश और विश्वव्यापी किसान समस्याओं को लेकर चिंतन मंथन और आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर सके। गठवाला मलिक खाप के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह मलिक ने कहा कि विश्व में जब मन्दी का दौर आता है तो यही किसान अपने खून पसीने से अर्थव्यवस्था को संभालता है। कोरोना काल में देश का एक नागरिक भी भूखा नहीं सोया न ही देश की अर्थव्यवस्था डगमगाई इसका श्रेय भी किसान को जाता है। किसान के बेटे एवं किसान होने के नाते किसान आन्दोलन के नाम पर उपद्रव का समर्थन नहीं करते। केन्द्र व राज्य सरकारों के सहयोग के बिना किसानों का जीवन कहीं अधिक संकटों से भर जायेगा। किसान आन्दोलन का दबाव हमेशा रहना चाहिए जिससे किसान सरकार की योजनाओं के केन्द्र में रहे। किसान चिन्तक धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि किसानों से वार्ता कर सरकार को नई कृषि नीति व कुछ कानूनों में सुधार करना जरूरी है। राजेश चौहान भाकियू में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे। इसके अलावा संगठन में बनाए गए नए पदाधिकारी भारतीय किसान यूनियन में किसी न किसी पद पर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौ. राजेन्द्र सिंह मलिक व संचालन धर्मेन्द्र मलिक ने किया। कार्यक्रम में सभी साथियों के विचार आने के उपरान्त अनिल तालान ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के अध्यक्ष पद हेतु राजेश सिंह चौहान के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सभी किसानों ने हाथ उठाकर आम राय से समर्थन किया। राजेन्द्र सिंह मलिक द्वारा राजेश सिंह चौहान जी को अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की गई। इसके उपरान्त राजेश सिंह चौहान के प्रस्ताव पर राजेन्द्र सिंह मलिक को सर्वसम्मति से भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का चैयरमैन व संरक्षक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांगे राम त्यागी, बिन्दु कुमार, कुंवर परमार सिंह, बलराम सिंह, नितिन सिरोही, विक्रान्त सैनी, सुरेन्द्र वर्मा, विमल तोमर, योगेश प्रधान, आदर्श चौधरी, धर्मेन्द्र सिंह, महेन्द्र रन्धावा, सुनील सिंह, राज कुमार गौतम, प्रीतम सिंह, राजेन्द्र सिंह, दीपक, नीरज बालियान, बलबीर सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, सोनू, सैलू आर्या आदि शामिल रहे। इसकी आहट मिलने के बाद दो दिन पूर्व भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत लखनऊ पहुंचकर दो दिन तक कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन बात नहीं बनी और यूनियन में दो फाड़ हो गयी।



## कोई खुद को प्रधानमंत्री घोषित कर दे तो बण जागा: नरेश टिकैत

सिसौली, १५ मई (बु.)। भारतीय किसान यूनियन से निष्कासित किए जाने के विरोधी धड़े के दावे के सवाल पर भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि किसी को भी हटाने की ताकत सिर्फ जनता के पास है। लखनऊ में हुई बैठक के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई भी खुद को प्रधानमंत्री घोषित कर सकता है। उधर, बीकेयू के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि कोई भी फैसला राष्ट्रीय निकाय की बैठक में ही लिया जा सकता है। हालांकि युद्धवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ में बैठक करने वाले राजेश चौहान भी उनके संगठन के सदस्य हैं। लेकिन चौहान संगठन में राष्ट्रीय स्तर के पदों के बारे में फैसला नहीं कर सकते। इसके लिए एक प्रक्रिया बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार संगठन और उसके लोगों को विभाजित करने की कोशिश कर रही है।

## बागी नेताओं को भाकियू से किया गया बर्खास्त

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। भाकियू के दो फाड़ होने के बाद बागियों के निष्कासन का सिलसिला भी तेज हो गया। इसके चलते भाकियू राष्ट्रीय महासचिव चौ. युद्धवीर सिंह की ओर से जारी एक सूचना में राजेश सिंह चौहान, अनिल तालान, हरिनाम वर्मा, मांगेराम त्यागी, दिगंबर सिंह, धर्मेंद्र मलिक और राजबीर सिंह गाजियाबाद को संगठन के विरुद्ध भ्रामक प्रचार व गलत नीतियों में सम्मिलित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया है। दूसरी ओर मंडल अध्यक्ष चौ. नवीन राठी ने पुरबालियान निवासी नीरज बालियान को संगठन से बर्खास्त कर दिया है। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने जिला प्रवक्ता नीटू दुल्हैरा व शाहपुर ब्लॉक अध्यक्ष अक्षु त्यागी को निष्कासित कर दिया है।

## वाह, सिर्फ दो बोतल शराब मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। एसओजी द्वारा पचास लाख की शराब सहित नकली शराब बनाने वाली मिनी डिस्टिलरी पकड़ने में नाकाम रहे आबकारी विभाग ने दिल्ली से हरिद्वार जा रही कार को रोककर उसमे मिली दो बोतल अंग्रेजी शराब व आठ बीयरों के प्रकरण में दिल्ली के पांच लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर पांचों आरोपियों को पकड़ थाने से जमानत देकर रिहा कर दिया गया। आबकारी निरीक्षक संजय कुमार ने अन्य साथी आबकारी निरीक्षकों के साथ धमात गंग नहर पुल के पास एक कार को रोका जिसमे पांच लोग सवार होकर दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे। जांच में उनकी कार में दो शराब की बोतल व आठ बीयर मिली। जिन्हें थाना पुरकाजी लाया गया। आबकारी निरीक्षक ने थाना पुरकाजी में उक्त लोगों के खिलाफ धारा ६३/७२ के तहत मुकदमा दर्ज कराया। पांचों आरोपियों को पुलिस ने थाने से जमानत पर रिहाई दे दी गई।

# पहली बार सिसौली की देहरी पर नहीं पहुंची भाजपा

## ❑भारतीय किसान यूनियन के मंच पर भाजपा विरोधी सियासी दलों का कब्जा रहा

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। किसान आंदोलन के बाद से लगातार भाजपा के खिलाफ अभियान में जुटी भाकियू के मंच पर आज भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों का कब्जा रहा। भाजपा का कोई समर्थक वहां नहीं पहुंचा। भाकियू के गठन के बाद से यह पहला आयोजन था, जब भाजपा की ओर से खुले आम इस संगठन का बायकॉट किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री और उनके समर्थकों ने भी सिसौली पहुंचने के बजाय दिल्ली में अशोक रोड पर कार्यक्रम आयोजित कर स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सिसौली में संस्थापक की पुण्य तिथि पर आज भाजपा की गैरहाजरी बताती है कि पिछले दिनों भाकियू की रणनीति के बाद सत्ता पक्ष उससे काफी दूर चला गया है भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत पर भाजपा के नेता अराजनीतिक आंदोलन की आड़ में भाजपा विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते रहे हैं। जिला पंचायत चुनाव के बाद पिछले विधानसभा चुनाव में भाकियू ने भाजपा का खुला विरोध कर रालोद–सपा गठबंधन को समर्थन दिया। भाजपा विधायक उमेश मलिक के साथ सिसौली में बदसलूकी हो या फिर सांसद डॉ. संजीव बालियान के शिला पट्ट को तोड़ने की कार्रवाई, इन सबके पीछे भाकियू का समर्थन रहा है। यहीं नहीं पश्चिम बंगाल समेत कई स्थानों पर भाकियू प्रवक्ता भाजपा के खिलाफ प्रचार के लिए निकले। इससे भाकियू नेताओं पर राजनीतिक पारी खेलने के आरोप लगे। यह अलग बात है कि भाकियू के गढ में छोटे से इलाके तक ही इसका प्रभाव सीमित रहा। अभी स्थानीय कुछ गैर भाजपा नेताओं को भाकियू से उम्मीदें हैं। राकेश टिकैत के भाजपा विरोधी तेवरों के चलते अशोक बालियान, सुभाष चौधरी और राजू अहलावत समेत कई बड़े नेता भाकियू से दूरी बना चुके हैं। भाकियू पर आरोप लगते रहे हैं कि जाट होने के बावजूद वीरपाल निर्वाल का जिला पंचायत अध्यक्ष पर विरोध इसलिए किया गया क्योंकि वह बालियान खाप के नहीं थे। इसके मुकाबले सतेंद्र बालियान के पक्ष में भाकियू अध्यक्ष समेत पूरा संगठन खड़ा हुआ, हालांकि उसे पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में धर्मेंद्र मलिक को सपा से बुढ़ाना में विधानसभा टिकट की तैयारी हो चुकी थी, लेकिन भाकियू के दबाव में इसे वापस लेकर राजपाल बालियान को टिकट दिया गया। इससे संदेश गया कि भाकियू सिर्फ बालियान खाप के लोगों के साथ ही है। बाकी की उसके लिए कोई अहमियत नहीं है।

## फल व्यापारी के युवा पुत्र की हादसे में दर्दनाक मौत



खतौली, १५ मई (बु.)। फलों के थोक व्यापारी के युवा पुत्र की अज्ञात वाहन की चपेट में हुई दर्दनाक मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार नवीन मण्डी स्थल में फलों के थोक व्यापारी भाई बाबू कुरैशी निवासी मौहल्ला बालकराम का युवा पुत्र हारून कुरैशी गाजियाबाद में कपड़ा का व्यापार करता है। बताया जाता है कि रविवार को हारून कुरैशी से गाजियाबाद अपनी दुकान पर जाने के लिए घर से निकला, परन्तु घण्टों इंतजार के पश्चात भी खतौली से गाजियाबाद की सीधी रोड़वेज बस न मिलने पर हारून खतौली से मेरठ जा रही एक बस में बैठ गया। बताया जाता है कि मोदीपुरम पहुंचने पर हारून पीछे आ रही गाजियाबाद जाने में बैठने के लिए अपनी बस से उतर रहा था, इसी दौरान पीछे से तेज गति से आये अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हारून गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा गम्भीर चोट लगने से हारून कुरैशी (२६ वर्ष) की दर्दनाक मौत हो गयी। घर से अपनी दुकान गये हारून की दर्दनाक मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया तथा परिजन तत्काल मेरठ के लिए रवाना हो गया। बताया जाता है कि हारून कुरैशी का रिश्ता हो चुका था तथा दो माह बाद हारून की शादी होनी थी। थोक व्यापरी के युवा पुत्र की दर्दनाक मौत की सूचना से मण्डी स्थल व्यापारियों में शोक छा गया।

## बार-बार टूटी भाकियू पर टिकैत परिवार का दबदबा रहा कायम



मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। अपने गठन के प्रारंभ से ही परिवार वाद और राजनीति के भंवर में उलझी रही भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) अभी तक ११ बार विभाजित हो चुकी है। हालांकि इसमें सिसौली और टिकैत परिवार के दबदबे को कोई चुनौती नहीं दे सका। इस बार भाजपा समर्थकों पर यूनियन को तोड़ने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे में पहली बार भाकियू में अभी तक की सबसे बड़ी टूट हुई है। इसमें गठवाला खाप के भी मोर्चे पर आने की झलक मिल रही है।

एक मार्च १९८७ को शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर के घेराव में पीएसी के सूबेदार राधेश्याम और दो किसानों जयपाल मलिक और सिंभालका के अकबर अली की मौत के बाद गठित इस संगठन में पहली दरार चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत और उनके समधी देशखाप के चौधरी सुखबीर सिंह के बीच टकराव और सुखबीर सिंह के संगठन से अलग होने के कारण पड़ी थी। इसके बाद भाकियू में टिकैत परिवार के दबदबे को चुनौती देने वाले अनेक नेता इससे टूटते गए और कई भाकियू संगठन अलग नामों से अस्तित्व में आए। स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के राम जन्म भूमि आंदोलन में राम का नाम लेकर वोट डालने का आह्वान हो या फिर दंगों के दौरान पैरोकारी का सवाल हो। इससे मुस्लिम काफी तादाद में भाकियू से छिटक गए थे। चौधरी टिकैत और चौधरी अजित सिंह के बीच खटपट और दोस्ती का सिलसिला भी कई बार चला। ऐसे में भाकिकापा नाम का राजनीतिक संगठन भी बना, लेकिन यह चल नहीं पाया। इस समय भाकियू के नाम पर चल रहे अलग–अलग संगठन ये हैं– भारतीय किसान यूनियन, अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, भाकियू (भानु), अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, भाकियू (अंबावता), अध्यक्ष ऋषिपाल अंबावता, भाकियू (तोमर), अध्यक्ष संजीव तोमर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, अध्यक्ष चौधरी हरिकिशन मलिक, भारतीय किसान मजदूर मंच, अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद जौला,भारतीय किसान यूनियन (सर्व) अध्यक्ष राजकिशोर पिन्ना, भारतीय किसान संगठन, अध्यक्ष ठा.पूरण सिंह, राष्ट्रीय किसान यूनियन, अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह प्रमुख, आम किसान संगठन, अध्यक्ष किशनपाल मलिक और आज गठित भाकियू अराजनैतिक, अध्यक्ष राजेश

## पशु नहलाते समय युवक गंग नहर में डूबा

रामराज, १५ मई (बु.)। रामराज उर्फ समाना की नई बस्ती निवासी युवक आलमपुर गंगनहर में अपने पशु नहलाते समय डूब गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों द्वारा युवक की गंगनहर में तलाश की जा रही है। रामराज उर्फ समाना की नई बस्ती निवासी करीब २३ वर्षीय नीरज पुत्र राजसिंह पशु पालन का कार्य करता था। रविवार को दोपहर वह अपने पशुओं को लेकर उन्हें रामराज थाना क्षेत्र की आलमपुर गंगनहर में नहलाने के लिए गया था। गंगनहर में पशुओं को नहलाते समय वह अचानक से गहरे पानी मे चला गया और गंगनहर में डूबने लगा। युवक को गंगनहर में डूबते देख नहर पटरी पर खड़े युवकों ने शोर मचाया और युवक को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन युवक गहरे पानी में समा गया। सूचना पर रामराज व बहसूमा पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक के परिजनों को मामले की जानकारी दी। युवक के डूबने की जानकारी पर परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गये तथा पुलिस व ग्रामीणों ने गंगनहर में युवक की कई घंटे तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। युवक के गंग नहर में डूबने से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस व ग्रामीण युवक की गंगनहर में तलाश कर रहे थे।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एण्ड्र्यू साइमंड्स की कार दुर्घटना में मौत

कैनबरा, 15 मई ( वार्ता ) पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एंड्र्यू साइमंड्स की कार दुर्घटना में मौत हो गई है। वह क्वींसलैंड में हादसे का शिकार हो गए। साइमंड्स ने 1998 से 2009 के दरमियान कुल 26 टेस्ट और 198 वनडे में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था। 46 वर्षीय साइमंड्स टाउंज़्विल के बाहर हादसे का शिकार हुए, वह संन्यास के बाद यहीं रहा करते थे। क्वींसलैंड पुलिस ने अपने बयान में कहा, 'पुलिस टाउंज़्विल से लगभग 50 किलोमीटर दूर हर्वे रेंज में एक एकल वाहन दुर्घटना की जांच कर रही है, जिसने कल रात एक 46 वर्षीय व्यक्ति की जान ले ली। शुरुआती सूचना के मुताबिक रात करीब 11 बजे ऐलिस रिवर ब्रिज के समीप हर्वी रेंज रोड पर एक कार चलाई जा रही थी, इसी दौरान कार अचानक सड़क से उतर गई और लुढ़क गई। कार को चला रहे 46 वर्षीय ड्राइवर को बचाने की कोशिश की गई लेकिन उसकी दु:खद मृत्यु हो गई। साइमंड्स 2003 और 2007 में ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता टीम के दो बार सदस्य रहे थे। इसके साथ ही वह मध्य 2000 में टेस्ट टीम के अहम सदस्य भी रहे थे। साइमंड्स की मृत्यु 2022 में अब तक तीसरी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर की मृत्यु है। इससे पहले मार्च महीनें में रॉडनी मार्श और शेन वॉर्न की मृत्यु हो गई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष लॉकलन हेंडरसन ने कहा,'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट ने अपना सर्वश्रेष्ठ में से एक और खो दिया है।वह कई लोगों के लिए एक संस्कारी व्यक्ति थे, जिन्हें उनके प्रशंसकों और दोस्तों द्वारा क़ीमती बनाया गया था। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की ओर से हमारी गहरी सहानुभूति साइमंड्स के परिवार, टीम के साथियों और दोस्तों के साथ है। वहीं क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गज और साइमंड्स के साथ क्रिकेट खेलने वाले कई खिलाड़ी अपना शोक प्रकट कर रहे हैं। साइमंड्स एक ऐसे ऑलराउंडर थे, जो गेंद पर निर्भीकता के साथ प्रहार करते थे। वह गेंदबाज़ी में मध्यम गति के साथ गेंदबाज़ी करने के साथ-साथ ऑफ़ स्पिन भी डाल सकते थे। इसके अलावा वह एक बेहतरीन फ़ील्डर भी थे।



## युवती ने की गंग नहर में कूदकर आत्महत्या

भोपा, १५ मई (बु.)। चौधरी चरण सिंह मुख्य कावड़ सड़क मार्ग पर नगला बुजुर्ग गांव के निकट युवती ने नहर की झाल में कूदकर आत्महत्या कर ली। गोताखोरों की मदद से पुलिस द्वारा युवती के शव को तलाश किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। नहर पुल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ लगी रही। शनिवार की देर शाम चौधरी चरण सिंह मुख्य कांवड़ सड़क मार्ग पर नगला बुजुर्ग गंग नहर झाल के पुल से युवती ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सड़क मार्ग से गुजर रहे लोगों ने साहस का परिचय देते हुए युवती को बचाने का प्रयास किया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को गहरे पानी में तलाश कराया जा रहा है। अंधेरा होने के कारण युवती के शव को तलाशने में काफी दिक्कतें आ रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम एक अज्ञात युवती गंग नहर झाल के पुल पर आई और कुछ देर इधर–उधर टहलने के बाद अचानक से गंग नहर में छलांग लगा दी। सड़क मार्ग से गुजर रहे लोगों ने युवती को नहर में छलांग लगाता देख शोर मचा दिया। कुछ युवकों ने साहस का परिचय देते हुए युवती के नहर में छलांग लगाते ही उसके शव को तलाशना शुरू कर दिया। वहीं पुलिस के द्वारा गोताखोरों की मदद से युवती के शव को गहरे पानी में तलाशा जा रहा है। अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को शव तलाशने में काफी दिक्कतें आ रही है।

छठी पुण्य स्मृति



अश्रुभरी आँखो में आपकी स्मृतियों का सावन है।
आप हमारे प्रेरणास्रोत, आपके आशीर्वाद से हमारा जीवन है।

स्व. श्रीमती समलेश रानी
निर्वाण तिथि : 17-05-2016

आज छठी पुण्यतिथि पर हम सब हार्दिक एवं आत्मिक भाव से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

सादर श्रद्धासुमन

रामकुमार गोयल (पति)
सतीश चन्द गोयल - सुमनलता (देवर-देवरानी)
श्रवण कुमार गोयल-संगीता गोयल (देवर-देवरानी)
शशिबाला-नरेश चन्द (मंसूरी) (नन्द-नन्दोई)
संजय गोयल-अन्जना गोयल- (पुत्र-पुत्रवधु)
पराग गोयल-चारू गोयल- (पुत्र-पुत्रवधु)
संगीता गुप्ता-प्रदीप गुप्ता (पुत्री-दामाद)
वन्दना-संजय (पुत्री-दामाद)
मिलि गोयल-नीरज गोयल (भतीजी-दामाद)
संदीप गोयल, अमित गोयल, श्रेय गोयल (भतीजे)
राघव, यश, माधव, दिव्यांश (पौत्र)

निवास: 31/42, सिद्धार्थ कॉलोनी, आर्य समाज रोड़, मुजफ्फरनगर
फोन. 0131-2431384, 9927003500

# इस सप्ताह का राशिफल
## 16 मई से 22 मई 2022



विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता अंकविज्ञानवेत्ता
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो. : 09335414722



चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ — नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका, चरण 1234 1234 1

**मेषः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक होगा। कठिनाइयों के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। तदुपरान्त 18 के दिन 8/10 बजे तक प्रतिकूलता रहेगी। वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयत्न निष्फल होंगे। आरोग्य सुख में कमी रहेगी। आत्मिक शांति का अभाव रहेगा। मित्रों से अनबन होगा। शेष 22 मई तक समय सफलता में सहायक रहेगा। आशा के अनुकूल घटनाएँ घटित होंगी। व्यापारिक लाभ का सुयोग बनेगा। जीवनसाथी से सामंजस्य रहेगा। उत्साह में वृद्धि होगी। सामयिक लाभ होगा। धर्म अध्यात्म के प्रति अभिरुचि रहेगी। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति कर सकेंगे।



ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो — नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा, चरण 234 1234 122

**वृषभः**—सप्ताह में 16 से 18 मई के दिन 8/10 बजे तक मानसिक उलझनों का समाधान होगा। मानसिक रूप से तनाव कम होगा। बुद्धि विवेक से कार्य-व्यवसाय में सफलता मिलेगी। समय भाग्य के पक्ष में रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। कुछेक समस्याएँ हल होंगी। भोग विलासिता की ओर रुझान रहेगा। आपसी संबंध मधुर होंगे। तदुपरान्त 20 के दिन 8/45 बजे तक समय निराशाजनक रहेगी। व्यापारिक नुकसान होगा। पारिवारिक उलझनें रहेंगी। पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता उपस्थित होगी। संतान पक्ष से चिन्तित रहेंगे। विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। यात्रा कष्टकर होगा। शेष 22 मई तक समय अनुकूल रहेगा।



का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा — नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु, चरण 34 1234 12 3

**मिथुन**—सप्ताह में 16 से 20 मई के दिन 8/45 बजे तक योजना साकार होने को होगी। अधूरे कार्य पूर्ण होने की ओर होंगे। शुभ कृत्य सम्पन्न होगा। नवसम्पर्क उपयोगी साबित होंगे। धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। विवाद का समापन होगा। समझदारी से लिया गया निर्णय लाभदायक रहेगा। विचारित कार्यों में प्रगति का सुयोग बनेगा। दूर या समीप की यात्रा का कार्यक्रम उपस्थित होगा। तदनन्तर 22 के दिन 11/12 बजे तक अभीष्ट की पूर्ति में व्यवधान रहेगा। समस्याओं के कारण मानसिक अशान्ति रहेगी। व्यावसायिक योजना अधूरी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य के प्रति चिन्तित रहेंगे।



ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो — नक्षत्र पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा, चरण 4 1234 1234

**कर्कः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक आशा अधूरी रहेगी। अभीष्ट कार्यों में व्यतिक्रम रहेगा। आरोग्य सुख नहीं मिल पायेगा। धन सम्पत्ति के पक्ष में जोखिम से हानि होगी। तत्पश्चात् 22 के दिन 11/12 बजे तक अनुकूलता रहेगी। मित्रों के माध्यम से कठिनाइयों में कमी आयेगी। अधूरे कार्यों की पूर्ति का प्रयास होगा। आत्मीयजनों से सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। आय के नवीन स्त्रोत सामना आयेंगे। राजनीतिक पक्ष से प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नवयोजना दृष्टिगत होगी। व्यक्तिगत परेशानी कम होगी। बकाए धन की प्राप्ति संभव होगी। विनियोजित धन का प्रतिफल मिलेगा। जीवनसाथी का सानिध्य प्राप्त होगा। भौतिक सुख से मानसिक तनाव समाप्त होगा।



मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, ट — नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा., चरण 1234 1234 1

**सिंहः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। लाभ का सुयोग बना रहेगा। तत्पश्चात् 18 के दिन 8/10 बजे तक कठिनाइयाँ प्रभावी रहेंगी। व्यय की अधिकता रहेगा। धनोपार्जन में बाधा आयेगी। परिवार में कटुता रहेगी। सुख शांति में कमी आयेगी। शेष 22 मई तक समय अच्छा रहेगा। योजनानुसार कार्य बनते जायेंगे। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बुद्धि चातुर्य से कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण हेतु विषयक मसला सुलझने को होगा। शुभ भावनाओं का उदय होगा। किसी आयोजन में सम्मिलत होने का सुअवसर प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। आरोग्य सुख की प्राप्ति होगी।



टो, पा, पी, पू, प, ण, ठ, पे, पो — नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा, चरण 234 1234 12

**कन्याः**—सप्ताह में 16 से 18 मई के दिन 8/10 बजे तक अभिलाषा पूर्ण होने को होगी। स्वजनों के माध्यम से कुछेक कार्य प्रगति पर होंगे। आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान कम होगा। घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। सुख सुविधा के निमित्त व्यय होगा। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता आयेगी। परिस्थितियों में क्रमिक सुधार होगा। नूतन-पुरातन मित्रों से वांछित सहयोग मिलेगा। आथ्रक पक्ष में निराशा का समापन पक्ष में होगा। तदनन्तर 20 के दिन 8/45 बजे तक कार्यों में अड़चनें रहेंगी। आर्थिक पक्ष में निराशा का सामना करना पड़ेगा। शेष 22 मई तक निराशा का समापन होगा। राजनीतिक कृत्यों की ओर अभिरुचि रहेगी। विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त होगा।



रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, त — नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा, चरण 34 1234 123

**तुलाः**—सप्ताह में 16 से 20 मई के दिन 8/45 बजे तक ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में रहेगी। अधूरे कार्य की पूर्ति हेतु परिजनों से विचार विमर्श होगा। परिवार में आपसी सद्भाव बनी रहेगी। पारिवारिक कठिनाइयों में कमी आयेगी। व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल रहेगा। धन संचय की ओर प्रवृत्ति रहेगी। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। दूसरों के आश्वासनों से मनसिक राहत मिलेगी। हर्ष भी होगा। तत्पश्चात् 22 के दिन 11/12 बजे तक निराशा रहेगी। उलझनों का सामना करना पड़ेगा। सुख शांति का अभाव रहेगा।



तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू — नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा, चरण 4 1234 1234

**वृश्चिकः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक परेशानी रहेगी। राजकीय पक्ष से कष्ट होगा। प्रतियोगिता में असफलता मिलेगा। धन की क्षति होगी। तदनन्तर 22 के दिन 11/12 बजे तक समय अनुकूल रहेगा। कार्यों में सफलता का सुअवसर मिलेगा। कुछेक समस्याएँ आपके पक्ष में सुलझेंगी। धार्मिक क्रिया-कलापों के प्रति रुचि जागृत होगी। मित्रों से आपसी सम्बन्धी सुधार पर होंगे। पुराने विवाद का समापन होगा। राजकीय पक्ष से सहयोग मिलेगा। बहुप्रतीक्षित कार्य बनने से प्रसन्नता होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। राजनीतिक पक्ष से लाभान्वित होंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। दूसरों के आश्वासन से मानसिक राहत मिलेगी।



ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, ढ़े — नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा., चरण 1234 1234 1

**धनुः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक दिनमान शुभ है। आर्थिक-व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता मिलेगी। तदनन्तर 18 के दिन 8/10 बजे तक कार्यों में गतिरोध रहेगा। व्यापार में विफलता की स्थिति रहेगी। परिवार में असन्तुलन रहेगा। वैवाहिक जीवन में मतभेद रहेगा। शेष 22 मई तक समय शुभ रहेगा। कार्य व्यवसाय में प्रगति होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अधिकारियों से सम्पर्क लाभदायक होगा। सामाजिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि रहेगी। शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शान्ति मिलेगी। यश-मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारस्परिक संबंधों में व्यवधान समाप्त होगा। नवसम्पर्क बनेगा। भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त होगा। युक्ति से कार्य बनेंगे।



भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी — नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा, चरण 234 1234 12

**मकरः**—सप्ताह में 16 से 18 मई के दिन 8/10 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। मन के अनुकूल सहयोग मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वाह होगा। परीक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ होंगे। अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। अभिलाषा की पूर्ति का प्रयास होगा। व्यापारिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत होगी। तत्पश्चात् 20 के दिन 8/45 बजे तक समय विपरीत रहेगा। आर्थिक व्यावसायिक लाभ में कमी होगी। उन्नति में व्यवधान रहेगा। अकारण भ्रमण होगा। आपसी संबंधों में कटुता की स्थिति रहेगी।



गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा — नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्र, चरण 34 1234 123

**कुंभः**—सप्ताह में 16 से 20 मई के दिन 8/45 बजे तक स्वास्थ्य के सुधार पर होगा। योजना की सिद्धि का प्रयास होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। मांगलिक आयोजन सम्पादित होगा। मित्रों-परिजनों के माध्यम से किसी कार्य की शुरुआत होगी। सामाजिक-राजनीतिक कृत्यों में रुचि रहेगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। आकस्मिक आय होगा। चित्त प्रफुल्लित रहेगा। तदुपरान्त 22 के दिन 11/12 बजे तक दिनमान प्रतिकूल रहेगा। परिवार में धन सम्पत्ति का मसला उलझेगा। अकल्पित घटनाओं से चिन्तित रहेंगे। आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी रहेगा। अभीष्ट सिद्धि का प्रयास निष्फल होगा। शिक्षा के क्षेत्र में असफलता मिलेगी। हानि संभव है। शेष समय में योजना को मूर्त रूप दे सकेंगे।



दी, दू, थ, झ, भ, दे, दो, चा, ची — नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती, चरण 4 1234 1234

**मीनः**—सप्ताह में 16 मई के दिन 7/54 बजे तक समस्याओं से चिन्तित रहेंगे। स्पष्टवादिता घातक होगी। कार्य व्यवसाय में व्यतिक्रम रहेगा। तदुपरान्त 22 के दिन 11/12 बजे तक परेशानी में कमी आयेगी। व्यावसायिक आर्थिक पक्ष में प्रगति का सुयोग बनेगा। नवीन योजना का कार्यान्वयन होगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्य सुधार पर होंगे। समय आशाजनक रहेगा। मनोनुकूल कार्यों में प्रगति होगी। मानसिक अशान्ति में कमी आयेगी। स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद रहेगा। श्रेष्ठजनों से सहयोग मिलेगा। पारिवारिक वातावरण उल्लासमय रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का प्रसंग उपस्थित होगा। शेष समय में समस्याएँ प्रभावी रहेंगी। अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान उपस्थित होगा।

**व्रत-त्यौहार, जयंती :** ◆ सोमवार 16 मई- स्नान-दान की वैशाखी पूर्णिमा, बुद्ध-पूर्णिमा ◆ मंगलवार, 17 मई- देवर्षि नारद जयन्ती ◆ गुरुवार, 19 मई- संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत ◆ रविवार, 22 मई- कालाष्टमी।



मीरापुर के भूम्मा में अवैध निर्माण को बुल्डोजर से हटवाती पुलिस व राजस्व टीम

# अवैध निर्माण पर चला बुल्डोजर, कब्जा हटवाया

मीरापुर, १५ मई (बु.)। भुम्मा गांव में रास्ते की भूमि पर दीवार का अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत मिलने पर एसडीएम के आदेश पर पुलिस व भू-राजस्व विभाग की टीम ने बुल्डोजर से अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान गांव में हड़कम्प मचा रहा। मीरापुर क्षेत्र के भुम्मा गांव निवासी अरविंद त्यागी पुत्र मूलचंद त्यागी ने घर के निकट सरकारी रास्ते पर कब्जा करने की नियत से रास्ते की भूमि पर दीवार का निर्माण कर लिया था, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस व एसडीएम जयेंद्र कुमार से की थी, जिसके बाद शुक्रवार को एसडीएम जयेन्द्र कुमार व मीरापुर इंस्पेक्टर दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे थे। जांच में एसडीएम ने निर्माण कार्य अवैध पाया था, जिसके बाद एसडीएम ने उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश दिए थे। रविवार को एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार संजय कुमार भू-राजस्व विभाग की टीम व मीरापुर, जानसठ व रामराज थाने की पुलिस को साथ लेकर भुम्मा गांव पहुंचे तथा यहां पर किए गए अवैध निर्माण को बुल्डोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। इस दौरान पुलिस ने पुनः अवैध निर्माण न करने की चेतावनी भी दी। रविवार की दोपहर में अचानक से भुम्मा गांव में भारी पुलिसबल देखकर ग्रामीण सहम उठे तथा गांव में बडी संख्या में पुलिस के पहुंचने का कारण पता करने के लिए एक दूसरे को फोन करते नजर आये। अवैध निर्माण ढ़हाए जाने के दौरान मौके पर पुलिसबल तैनात रहा।



# एसडी कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता में शुभांगी प्रथम

मुजफ्फरनगर, 15 मई ( बु. )। रविवार को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर एसडी डिग्री कॉलेज में कई प्रतियोगिताएं हुईं। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रा शुभांगी प्रथम स्थान पर रही। अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को एसडी डिग्री कॉलेज के गणित विभाग में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर में एमएससी के छात्र-छात्राओं ने जहां इस बीच कविताएं प्रस्तुत कीं। वहीं इस गीच भाषण प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा अनेक सुंदर पोस्टर बनाए गए, जिनमें एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा शुभांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में संपन्न कार्यक्रम विभागाध्यक्षा डॉ. रिंपल पुंडीर की अध्यक्षता तथा शिवानी चौधरी व चिन्मय कौशिक के संचालन में हुआ। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. बंसत, डॉ. विशंबर पांडेय, डॉ. सलीम, दीपक मित्तल, नितिन, संदीप, अंजुल भूषण, अनुपम जैन व रविन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## शामली में जाम से खास से लेकर आम तक परेशान, नहीं मिला समाधान

शामली, 15 मई ( बु. )। रविवार को भी अपर दोआब शुगर मिल में भारी मात्रा में गन्ने के वाहन आ जाने से जाम की स्थिति बनी रही। साप्ताहिक अवकाश के दिन भी शहर में लगी भीषण जाम से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मिल गेट से शुरू हुए गन्ने के वाहनों की लाइन हनुमान रोड, अग्रसेन पार्क, वर्मा मार्केट वीवी इंटर कॉलेज रोड, फव्वारा चौक तथा अस्पताल रोड बुढ़ाना बस स्टैंड, बुढ़ाना रोड और शिव चौक, भिक्की मोड़ धीमानपुरा फाटक तक लगी रही। जाम में कई स्थानों पर एंबुलेंस व वीआईपी नेताओ की गाड़ी फंस जाने से भी पुलिसकर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। रविवार को शहर में गन्ने के वाहनों के जाम की इतनी भयावह स्थिति हो गई थी कि चारों ओर से शामली शहर में प्रवेश करना मुश्किल रहा। शहर के हनुमान रोड पर प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायकों का एक कार्यक्रम होने के चलते ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के अलावा सिविल पुलिस जाम को खुलवाती नजर आई। एक हरियाणा वीआईपी की गाड़ी भी शहर के वीवी कॉलेज पर लगे भीषण जाम में फंसी रही, जिसको निकलवाने में हरियाणा पुलिस भीषण गर्मी में पसीना बहाती नजर आए। यदि रविवार देर रात्रि तक शुगर मिल का पेराई सत्र समाप्त हुआ, तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकेगी। वैसे तो शहर में आए दिन लगने वाले जाम का मुख्य कारण सड़कों पर बेतहाशा किया गया अतिक्रमण भी है, जिसको लेकर भी जिला प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाने की जरूरत है।

# डाक ले जा रही गाड़ी और कार में भीषण भिड़न्त, चार घायल

भोपा, १५ मई (बु.)। थानाक्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर दो वाहनों की भीषण भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे पलट गए। सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते दो घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। जनपद मेरठ निवासी हरिराम भोपा थाना क्षेत्र के मोरना से डाक पार्सल ले जाने का काम करता है। रविवार दोपहर वह मोरना से डाक पार्सल लेकर मेरठ जा रहा था। जैसे ही वह भोपा थाना क्षेत्र के जौली चौकी से थोड़ा आगे पहुंचा, तो सामने से आ रही ईको कार से उसकी भिड़ंत हो गई। कार को दिलशाद निवासी पानीपत चला रहा था, जो पानीपत से मजदूर लेकर बिजनौर जा रहा था। दोनों वाहनों की भिड़ंत इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन टक्कर लगने के बाद सड़क किनारे पलट गए और कार में बैठी सवारियों में हाहाकार मच गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। भोपा की जौली चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी तुरन्त मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते हरिराम और दिलशाद को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# नींव भरने के विवाद में दम्पति पर हमला

भोपा, १५ मई (बु.)। थानाक्षेत्र के गांव रहमतपुर में दीवार की नींव भरने के विवाद में जेठ और जेठानी ने पुत्र और ससुर के साथ मिलकर दंपति के साथ मारपीट कर दी, जिससे महिला सिर में फावड़ा लगने से घायल हो गई दंपति ने थाने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी महिला रीतु ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को वह अपने घर की जमीन में नींव भर रहे थे कि तभी उसका जेठ और जेठानी अपने पुत्र और ससुर के साथ मौके पर आ गये और उनके साथ गाली गलौच करते हुए धारदार हथियारों व फावड़े से उन पर हमला बोल दिया और मारपीट करनी शुरू कर दी, जिससे दोनों के शरीर में काफी चोटें आयी। वहीं महिला सिर में फावड़ा लगने से घायल हो गई। दोनों का शोर शराबा सुनकर महिला का पुत्र और ग्रामीण मौके पर आ गये, जिन्होंने दंपत्ति की जान बचाई। ग्रामीणों को आता देख उपरोक्त लोग उन्हें मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। महिला ने बताया कि आरोपी आए दिन उसके व उसके परिवार के साथ गाली-गलौच हुए मारपीट करते रहते हैं और घर से बाहर निकालने की धमकी देते हैं। महिला ने तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 15 मई ( वार्ता )। भारत एवं विश्व इतिहास में 16 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है- 1606- रूस में दो हजार विदेशी नागरिकों की हत्या। 1875- वेनेजुएला और कोलंबिया में आये भूकंप से लगभग 16 हजार लोगों की मौत। 1877- फ्रांस में राजनीतिक संकट शुरू। 1881- बर्लिन के पास लिस्टरफेलडर में बिजली से चलने वाली पहली ट्राम सेवा की शुरुआत। 1911- कलकत्ता ( अब कोलकाता ) में बने तल्लाह वाटर टैंक का निर्माण पूरा। इसे उस समय दुनिया का सबसे बड़ा ओवरहैड वाटर टैंक कहा गया था। 1920- फ्रांसीसी स्वतंत्रता सेनानी, सेनापति जॉन ऑफ आर्क को संत की उपाधि दी गयी। 1929- दुनिया भर में ऑस्कर पुरस्कारों के नाम से प्रतिष्ठित एकेडमी अवॉर्ड की शुरुआत। 1943- वॉरसॉ में यहूदी बस्तियों में चल रही लड़ाई ख़त्म हो गई। पुलिस और कमांडो दल ने 19 अप्रैल को इन बस्तियों में प्रवेश किया था। 1960- भारत और इंग्लैड़ के बीच टेलेक्स सेवा की शुरुआत। 1974- इस्राइल के लड़ाकू विमानों ने सात फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविरों और दक्षिणी लेबनान के गांवों पर बम दागे। इन हमलों में 27 लोग मारे गए और 138 अन्य घायल हुए। 1975- सिक्किम देश का 22वां राज्य बना। 1991- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करने वाली पहली ब्रिटिश साम्राज्ञी बनीं। 1996- अटल बिहारी वाजपेयी भारत के 10वें प्रधानमंत्री बने। 1999- दक्षेस का वर्ष 2002 में होने वाला शिखर सम्मेलन थिम्पू में कराये जाने की घोषणा हुयी। 2004- टेनिस खिलाड़ी रोजर फ़ेडेरर ने हेम्बर्ग मास्टर्स ख़िताब जीता। 2006- हॉलिवुड की चर्चित अदाकारा नाओमी वाट्स को संयुक्त राष्ट्र संस्था का राजदूत बनाया गया। 2006- न्यूज़ीलैंड के 47 वर्षीय मार्क इंजलिस ऐसे पहले पर्वतारोही बन गये, जिन्होंने कृत्रिम पैरों के सहारे एवरेस्ट की चोटी पर झण्डा फहराया। 2007- निकोलस सरकोजी फ्रांस के 23 वें राष्ट्रपति बने। 2008- उच्चतम न्यायालय ने केन्द्रीय शिक्षण संस्थानों के स्नाकोत्तर पाठ्यक्रमों में 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा पर रोक के कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्णय को ख़ारिज कर दिया। 2013- अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार क्लोन किए गए इंसानी भ्रूण से स्टेम सेल यानी मूल कोशिका निकालने में सफलता मिली। 2014- सोलहवीं लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला। 2014- भारतीय उद्योगपति रुस्तमजी होमसजी मोदी का निधन।

# व्यापारी इस देश की ताकत-कपिल देव अग्रवाल

शामली, 15 मई ( बु. )। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस व शपथ ग्रहण समारोह में बोलते हुए कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार बनाने में व्यापारियों का अहम योगदान रहा है। भाजपा ने व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाकर व्यापारियों को अपनी बात कहने का अधिकार दिया है। रविवार को शहर के महाराजा अग्रसैन बारातघर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के स्थापना दिवस व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कैराना सांसद प्रदीप चौधरी, कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें घनश्यामदास गर्ग का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपना 12 सूत्रीय ज्ञापन राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को सौपा, जिसमें उन्होंने पंजीकृत व्यापारियों के स्टॉक के बीमा करने की जिम्मेदारी सरकार स्तर पर होने, श्रम विभाग में पंजीकृत व्यापारियों का जीवन दुर्घटना बीमा योजना लागू करने, लखनऊ में किसान भवन की तर्ज पर व्यापार भवन बनवाने, जीएसटी कर में सरलीकरण एवं मंडी समिति शुल्क समाप्त करके इसे जीएसटी में समायोजित करने, प्रदेश के व्यापारियों के लिए भी आयुष्मान योजना लागू करने, विभागों में व्यापारियों के पंजीयन को लेकर होने वाली उत्पीड़न को बंद करने, प्रदेश में टीचर्स कॉन्सिटवेंसी व ग्रेजुएट कॉन्सिटवेंसी की तर्ज पर व्यापारी कॉन्सिटेवेंसी का सर्जन करने की मांग की। इस दौरान राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में व्यापारियों का बड़ा योगदान रहा है। इसलिए ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ने व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन कर व्यापारियों को अपनी बात करने का अधिकार दिया। किसान और व्यापारी के बीच एक अहम रिश्ता होता है, जिसमें भाजपा सरकार ने समन्वय बनाया है। व्यापारी देश की ताकत है। देश में कोरोना संकटकाल में भी व्यापारी समाज देश के साथ खड़ा रहा। भोजन वितरण कराकर देश के गरीबों को भूखे पेट नहीं सोने दिया गया। इसके अलावा चरथावल विधायक पंकज मलिक ने कहा कि आज व्यापारी सरकार के सामने अपनी बात रखने से डरता है, लेकिन व्यापारियों का ही दम है, जो केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, लेकिन उसके बावजूद पूरे प्रदेश में व्यापारियों का शोषण हो रहा है। व्यापारियों की मांगे सही है, जिनका विपक्ष पूरी तरह से समर्थन करता है। व्यापारियों के मुद्दों को सदन में उठाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री ब्रजेश रावत, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल, ब्रजभूषण संगल, सुभाषचंद धीमान, दिनेश गुप्ता, सूर्यवीर सिंह, नरेन्द्र अग्रवाल, पवन कंसल, विभोर गर्ग, अनुज गोयल, अजय बंसल, राजेश जैन, नितिन गर्ग आदि मौजूद रहे।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

मीरापुर, 15 मई ( बु. )। कस्बे में पड़ाव चौक स्थित ब्राह्मण धर्मशाला की भूमि पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। ब्राह्मण धर्मशाला की भूमि पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंडित दीपक कृष्णात्रेय ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ देवी-देवताओं का आह्वान किया। गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ हनुमान चालीसा का मनोहारी वाचन किया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ की चौपाईयों को लयवद्ध वाचन किया। इस दौरान हे दुख भंजन मारूति नंदन सुन लो मेरी पुकार पवन सुत बिनती बारंबार, राम जी चले न हनुमान के बिना, हनुमान जी चलें न श्री राम के बिना आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पं. राहुल शर्मा, डॉ. आरके पाराशर, प्रभात शर्मा, डॉ. प्रवीण कौशिक, पं. दीपक कृष्णात्रेय, नितिन शर्मा, मनोज शर्मा, संजय शर्मा, रामअवतार शर्मा, घनश्यामदास अग्रवाल, असीम शर्मा, दीनदयाल शर्मा, पं. अर्जुन शर्मा, अर्जुन मैत्रेय, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति मुकेश कुमार पुत्र सालिकराम (जिला सहकारी बैंक कर्मचारी) का दिनांक- 19.04.2022 को समय करीब 5-6 बजे अपनी एक्टीवा सं.- UP-12-AD-0874 से मोरना चीनी मिल से आगे किसी अज्ञात वाहन से एक्सिडेंट हो गया था, जिसकी रिपोर्ट सं.- 89/2022 थाना भोपा पर दर्ज है, अगर किसी सज्जन को उस टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की कोई जानकारी है, तो कृपया सूचना प्रदान करें, सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

**उपासना**
पत्नी स्व. मुकेश कुमार
निवासी : 385, सुभाष नगर, थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मो. 8299883289




# मनीष सिसौदिया ने शाहपुर में चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

शाहपुर, १५ मई (बु.)। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री ने भाकियू की राजधानी सिसौली में महेंद्र सिंह टिकैत की ११ वी पुण्यतिथि में भाग लेने जाते समय कस्बा शाहपुर के मैन चौक पर स्थित किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह व बाबा महेंद्र सिंह टिकैत वास्तव में ही किसान मसीहा थे। इन्होंने अपने पूरे जीवन किसानों के लिए संघर्ष किया व उनकी मांगों को संसद तक पहुंचाई। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेंद्र ढ़ाका, जिलाध्यक्ष अरविंद बालियान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नितिन बालियान, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अशोक बालियान, विधानसभा सचिव शिवा जाटव, विनीत रसूलपुर, रणपाल काकड़ा, सौरभ काकड़ा, कपिल काकड़ा, अनुभव, गुलाब सिंह, आसिफ आदि मौजूद रहे।

# भारतीय पोस्टल व एंप्लाइज एसो. की मंडलीय कार्यकारिणी का गठन

मुजफ्फरनगर, 15 मई ( बु. )। रविवार को भारतीय पोस्टल एम्प्लाइज एसोसियेशन पोस्टमैन एमटीएस की बैठक भारतीय पेंशनर मंच व सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील दत्त ओवर सियर पूर्वी उप मंडल ने की। रविवार को पचैंडा रोड स्थित सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर संपन्न बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री पुष्पेंद्र दत्त शर्मा रहें। इस दौरान मुख्य वक्ताओं जिला कोषाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ पिंकी चौधरी व देव लोक कल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष बबीता वर्मा ने अपने विचार रखें। भारतीय पेंशनर मंच महासचिव हरि मोहन शर्मा ने बताया कि सामूहिक सहमति से भारतीय पोस्टल एवं एम्प्लाइज एसोसियेशन पोस्टमैन एवं एमटीएस की मंडलीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।




इस दौरान मंडलीय अध्यक्ष सुनील दत्त, उपाध्यक्ष राजकुमार पोस्टमैन प्रधान डाकघर, जौहर सिंह, सचिव अनुज शर्मा, सह सचिव सतीश कुमार, उप मंडल सह सचिव उर्मिला यादव, अमित कुमार व बिजेंद्र को सह सचिव बनाया। वहीं कोषाध्यक्ष हिमांशु जैन, संगठन मंत्री इकबाल अहमद, मनोज कुमार, परवेज अली, सदस्य उदल सिंह, सचिन कुमार व सीमा देवी को पदभार सौंपा गया।

# इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'एडॉयस पार्टी-2022' का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 15 मई ( बुस. )। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'एडॉयस पार्टी-2022' का आयोजन किया गया, जिसमें बीटैक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बीटैक चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया। आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ, चेयरमेन, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के समय इंजीनियरिंग विभाग के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता एवं डीन एकेडमिक्स इं. साक्षी श्रीवास्तव एवं समस्त विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरम्भ गणेश वन्दना




एवं सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। पार्टी में सीनियर्स व जूनियर्स ने विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति हर्षोल्लास के साथ दी एवं बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बीटेक के अन्तिम वर्ष के छात्रों के लिये उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिवम भटनागर ने मिमिक्री के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं के अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसके साथ आकांक्षा कौशिक, आंचल वर्मा, सोहिला त्यागी, प्रियांशी त्यागी, कनिष्का, खुशी एवं साक्षी ने अपने नृत्य के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं मन मोह लिया। इसी प्रकार वंशिका अग्रवाल, भानु प्रताप सिंह व निखिल ने भी गायन के माध्यम से सभी को आकर्षित किया। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन रुचि राय, असिस्टेंट प्रो., सी.एस.ई. ने किया। मिस्टर फेयरवैल शिवम भटनागर, ई.सी.ई. चतुर्थ वर्ष व मिस फेयरवैल आंचल वर्मा, सी.एस.ई. चतुर्थ वर्ष, मिस्टर हैंडसम मौ. शाहबाज, सी.एस.ई. चतुर्थ वर्ष, मिस चार्मिंग आकांक्षा कौशिक, सीएस.ई. चतुर्थ वर्ष चुना गया। यह प्रतियोगिता कई राउण्ड में पूरी की गई। निर्णायक मण्डल की संस्तुति के आधार पर इन सभी नामों को चुना गया। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्र-छात्राओं के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष एवं इं. देवश मलिक, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. सुभाष यादव, आलोक जैन, इं. अभिषेक कुमार, इंदु चौहान, अंजु त्यागी, वाणी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।


**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929, सम्पादक- 9412210257
e-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



## सम्पादक की क़लम से

# गुम्बद के ऊपर गुम्बद

कुछ इतिहासकार यह दावा कर रहे हैं कि ज्ञानवापी मस्जिद के गुम्बद के नीचे मन्दिर का गुम्बद है, यानी मन्दिर के गुम्बद के ऊपर ही मस्जिद का गुम्बद रक्खा गया है। इस दावे में कितनी सच्चाई है, यह तब पता चलेगा, जब सर्वे का काम पूरा हो जायेगा और कोर्ट को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कोर्ट रिपोर्ट पर बात रक्खेगी। ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, बाक़ी आज पूरा हो जायेगा। अंदर मलबा ज़्यादा होने के कारण सर्वे पूरा नहीं हो सका। इसलिए आज भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ज्ञानवापी से बाहर आए हिंदू पक्ष के एक व्यक्ति ने कहा कि हमारा दावा आज और भी मज़बूत हुआ है। मुस्लिम पक्ष के वकील ने मीडिया से तीन बार ऊंची आवाज़ में कहा, कुछ नहीं मिला, कुछ नहीं मिला, कुछ नहीं मिला। इतना कहते हुए वह चले गए। वाराणसी के डीएम कौशलराज शर्मा ने बताया कि सर्वे शांतिपूर्वक माहौल में हुआ। वकीलों ने कहा कि सर्वे जब तक पूरा नहीं हो जाता है, इस पर कुछ कमेंट करना उचित नहीं। 20 सफाईकर्मी ज्ञानवापी में गए, 52 लोगों की टीम ने सर्वे किया। दूसरे दिन छत, चार कमरों, बाहर की दीवारों, बरामदे, तालाब के आसपास की वीडियोग्राफी-सर्वे हुआ। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस फोर्स अलर्ट रही। गलियों में मार्च कर शांति की अपील की गई। पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश ने कहा कि आज सुरक्षा थोड़ी और बढ़ा दी गई थी। 10 लेयर की सिक्योरिटी को बढ़ाकर 12 किया गया। सर्वे के पहले दिन परिसर के बाहर 10 लेयर की सिक्योरिटी थी, जिसे आज 12 लेयर का कर दिया गया है। इन बातों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि दर्शन-पूजन करने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। कोर्ट के आदेश के बाद शनिवार को पहले दिन 50 प्रतिशत एरिया में वीडियोग्राफी और सर्वे हुआ। सुरक्षा और सर्वे को लेकर 500 मीटर के दायरे में पब्लिक की एंट्री बैन रही। चारों तरफ से आने वाले रास्तों पर पुलिस और पीएसी का पहरा रहा। बैरिकेडिंग करके रास्ते बंद कर दिए गए। गोदौलिया से गेट नंबर-4 यानी ज्ञानवापी तक पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश ने पैदल मार्च किया। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने वालों के लिए गेट नंबर एक खोला गया था। ज्ञानवापी के पास वाले गेट से मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। एक किलोमीटर के दायरे में करीब 1500 पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे। 500 मीटर के दायरे में छतों पर सुरक्षा में जवान लगे हैं। आसपास की दुकानों को सर्वे होने तक बंद रखा गया। ज्ञानवापी और काशी विश्वनाथ मंदिर का विवाद काफी कुछ अयोध्या मामले ही की तरह है। फ़र्क़ सिर्फ़ इतना है कि अयोध्या में केवल मस्जिद बनी थी, जबकि वाराणसी में मंदिर-मस्जिद दोनों बने हुए हैं। काशी विवाद में हिंदू पक्ष का कहना है कि 1669 में औरंगज़ेब ने यहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई थी। उधर, मुस्लिम पक्ष का दावा है कि यहां मंदिर कभी था ही नहीं, बल्कि शुरुआत ही से मस्जिद थी। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे के मामले में हिंदू पक्ष ने कहा है कि उन्होंने जो भी दावे किए हैं, वे सभी सच होंगे। इस मस्जिद के तहखानों में हमारी सोच से भी हज़ार गुणा अधिक रहस्य छुपे हैं। 17 मई को वाराणसी के सीनियर सिविल डिवीजन कोर्ट में रिपोर्ट सबमिट करने के बाद असलियत दुनिया के सामने आएगी। हिंदू पक्ष का दावा है कि नंदी महाराज के सामने जो तहखाना है, उसी में अंदर मस्जिद के बीचों-बीच आज भी शिवलिंग दबा हुआ है। पन्ना पत्थर से बने इस विशालकाय शिवलिंग का रंग हरा है। वहीं अरघा भी काफी बड़ा है। मोती चंद्र की किताब 'काशी का इतिहास' के अनुसार, विश्वेश्वर मंदिर का आकार 125 फीट ऊंचा था। इसमें 5 मंडप थे। पूरब की ओर स्थित 5वें मंडप की माप 135 फीट लंबी और 35 फीट चौड़ी थी। इसे रंग मंडप भी कहा जाता है। यहां पर धर्म संदेश और उपदेश दिए जाते थे। मंदिर का चबूतरा 7 फीट ऊंचा था, जिसे आज भी देखा जा सकता है। अब यह मस्जिद का हिस्सा है। मंदिर चौकोर था। इसका हर साइड 124 फीट लंबा था। मंदिर के पूरब और पश्चिम में दंडपाणि और द्वारपाल के मंदिर थे। वहीं पश्चिम में शृंगार गौरी का मंदिर है। चारों कोनों पर 12-12 फीट के चार उप-मंदिर थे। नंदी महाराज और ज्ञानवापी कूप मंदिर के बाहर हैं। मंदिर और मंडपों के शिखर की ऊंचाई 64 और 48 फीट थी। वहीं, प्रदक्षिणा पथ और मंडपम में कई छोटे मंदिर बने हुए थे। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि वह विश्वनाथ गली ही में पैदा हुए। 50 साल पहले तक वो मस्जिद के फर्श और कुंड के पास बैठकर चिंता से मुक्त समय बिताते थे। मगर, आज मन चिंतित है। हम चाहते हैं कि बाबा को अपना पुराना घर मिलना ही चाहिए, जो हो रहा है वह बिल्कुल सही है। यह पहले ही हो जाना था। उन्होंने बताया कि बचपन में मस्जिद परिसर में खूब खेला है। उस समय कोई रोक-टोक नहीं होती थी। हम तहखानों तक भी चले जाते थे, हालांकि बंद होने की वजह से अंदर क्या है कभी देखा नहीं। मुस्लिम समाज के लोगों में सर्वे को लेकर एक असंतोष की भावना दिखायी दी। उन्हें यह काम राजनीति से प्रेरित लग रहा है। समाज के लोगों ने कहा कि गड़े मुर्दे उखाड़कर मुद्दा बनाया जा रहा और बेरोज़गार लोग नौकरी के बजाय मंदिर-मस्जिद के मामले में व्यस्त हो रहे हैं। हालांकि, जब उन्हें बताया गया कि यह मामला तो कोर्ट ने उठाया है, इसके बाद उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। सर्वे करने वाली टीम में शामिल एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि चारों तहखानों में हिंदू धर्म-परपंरा से जुड़ा कुछ-न-कुछ मिला है। एक तहखाने में तो दो फीट बड़ा संगमरमर का मगरमच्छ, खंभे पर बनी देवी-देवताओं की मूर्तियां, मंदिर शिखर के टूटे हुए कई कलश देखे गए हैं। टीम के सदस्य ने बताया कि सर्वे के दौरान मिली मगरमच्छ की मूर्ति इतनी खूबसूरत थी कि काफी देर तक सभी एकटक उसे देखते ही रह गए। इससे एक बात और भी साफ होती है कि उस समय के कारीगरों की कलाकारी बहुत उच्च दर्जे की थी। साथ ही मंदिरों के टूटे हुए शिखर के काफी टुकड़े मिले। इससे समझा जा सकता है कि मंदिरों का शिखर तोड़ा और गिराया गया था।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

**जीव, करुणा, पानी, छुट्टी**

बिलबिलाते जीव हैं करुणा ज़रा सी चाहिये,
सर्द सी ठण्डी हवाएं और पानी भेज दो।
चिलचिलाती धूप है सड़कों से लपटें उठ रहीं,
हे प्रभु दो चार दिन सूरज को छुट्टी भेज दो।

# 55 वर्ष की हुई माधुरी दीक्षित



मुंबई, 15 मई (वार्ता) बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री माधुरी दीक्षित आज 55 वर्ष की हो गयी। माधुरी दीक्षित का जन्म 15 मई 1967 को मुंबई में एक मध्यमवर्गीय मराठी ब्राह्मण परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई से हासिल की। इसके बाद उन्होंने मुंबई यूनिवर्सिटी में माइक्राबॉयलोजिस्ट बनने के लिये दाखिला ले लिया। इस बीच उन्होंने लगभग आठ वर्ष तक कथक नृत्य की शिक्षा भी हासिल की। उन्होंने अपने सिने कैरियर की शुरूआत 1984 में राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म अबोध से की, लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से नकार दी गयी। माधुरी दीक्षित की किस्मत का सितारा वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म तेजाब से चमका। फिल्म में माधुरी दीक्षित ने अनिल कपूर की प्रेयसी की भूमिका निभायी थी। फिल्म में उनपर फिल्माया यह गीत एक दो तीन उन दिनो श्रोताओ के बीच छा गया था। फिल्म की सफलता के बाद माधुरी दीक्षित फिल्म इंडस्ट्री में अपनी सही पहचान पाने में कुछ हद तक कामयाब हो गयी। वर्ष 1990 में माधुरी दीक्षित के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म दिल प्रदर्शित हुयी।फिल्म में माधुरी दीक्षित और आमिर खान की जोड़ी को सिने दर्शको ने काफी पसंद किया।फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी साथ ही फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये माधुरी दीक्षित को अपने सिने करियर का पहला फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 1991 माधुरी दीक्षित के सिने करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनके अभिनय के नये रंग दर्शको को देखने को मिले। इस वर्ष उनकी 100 डेज,साजन,प्रहार,जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी। इन फिल्मों की सफलता के बाद माधुरी दीक्षित शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंची । वर्ष 1992 में माधुरी दीक्षित की एक और अहम फिल्म फिल्म बेटा प्रदर्शित हुयी।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का जोर-शोर से शुभारम्भ



मेरठ रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन का शुभारम्भ व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ को सम्मानित करते कथा संयोजक व कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

फोटो बुलेटिन

## भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। मेरठ रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, निकट पेट्रोल पम्प में श्री केशव सेवा समिति, केशपुरी द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गयाा। आयोजन के प्रथम दिन कथा का शुभारम्भ भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए श्री दुआ ने कथाव्यास आचार्य सत्य कृष्ण शास्त्री जी से अनुरोध किया कि कथाओं के साथ-साथ वे आमजन को सामाजिक ज्ञान भी दें। आज धर्म के नाम पर हम अनुसरण तो बहुत कुछ करते हैं, मगर अनुकरण में हम पूरी तरह फेल हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे ही धर्म के लोग जब मौज मस्तियां करने के लिए धार्मिक स्थलों पर जाते हैं, तो यह दृश्य देखकर मन दुखी होता है, मौज मस्तियां ही करनी हैं तो अपने घर की नौजवान पीढ़ी को कहें कि वह मसूरी, शिमला, नैनीताल, डलहौजी जैसे इलाकों में जाएं और खूब मौज मस्तियां करें नहीं तो वर्ष २०१३ की तरह कोई न कोई आपदा अवश्य ही आएगी। कथा के प्रथम दिवस कथाव्यास डॉ. सत्य कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वास्तव में भागवत् कथा हम लोगों की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भामद् भागवत ने संसार में किस तरह जिया जाए, उसकी हर बात स्पष्ट रूप से लिखी है, मगर हम उसमें से कितना मानते हैं, यह बात हम पर निर्भर करती है। ऐसे में सात दिन की कथा में भक्तजन चाहे कोई भी एक सीख लेकर उसे अमल में लाएं तभी कथा की सार्थकता है। इस दौरान भारतीय प्रेस परिषद सदस्य द्वारा डॉ. सत्य कृष्ण शास्त्री जी का माला एवं पटका पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर केशव सेवा समिति के आयोजकों द्वारा फूल मालाएं एवं पटका पहनाकर श्री दुआ का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से विनय मित्तल, सतीश अग्रवाल जानसठ वाले, संदीप सिंघल शाहपुर, सुभाष मित्तल सिसौली, अरुण गर्ग स्वास्तिक, सुरेश भगत (साईं जी), राकेश गर्ग ठेकेदार, मोहन लाल गर्ग, नरेश मित्तल सभासद, अंकुर गोयल, संजीव कुमार शाहपुर, डॉ. अशोक मित्तल, सुनील मित्तल शाहपुर वाले, मदनलाल गुप्ता, विजेन्द्र गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण मुख्य यजमान सुनील गोयल एवी स्टील वालों ने किया।

## तीन किसानों की ट्यूबवैल से तार व उपकरण चोरी

कांधला, १५ मई (बु.)। थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने ट्यूबवैल की दीवार तोड़कर तार सहित हजारों रुपए के उपकरणों को चोरी कर लिया है, जिसके चलते किसानों की ट्यूबवैल आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू मार्ग स्थित चमन सैनी सहित अन्य किसानों का खेत स्थित है। आरोप है कि किसान अपने खेत का कार्य पूर्ण करने के पश्चात् घर लौट आए थे, रात के समय अज्ञात चोरों ने खेत पर पहुंचकर किसान चमन सहित अन्य किसानों की ट्यूबवैल की दीवार तोड़कर हजारों रुपए के उपकरण सहित कीमती तार को चोरी कर लिया। आरोप है कि चोरों ने किसान चमन के ट्यूबवैल में रखकर खाद के कट्टे सहित अन्य सामान को भी चोरी कर लिया, जब पीड़ित किसान सुबह अपने खेत पर पहुंचे, तो ट्यूबवैल की दीवार टूटी हुई देखकर उनके होश उड़ गए। घटना के संबंध में पीड़ित किसानों ने पुलिस व विद्युत विभाग को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि ट्यूबवैल से तार उपकरण चोरी होने से जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई है, जिससे खेत में खड़ी फसल सूखने के कगार पर है। उन्होंने विद्युत विभाग से शीघ्र ही आपूर्ति को सुचारू कराएं जाने की मांग की।

## गोरखपुर और वाराणसी सहित 13 शहरों में बनेंगे 26 सिटी फारेस्ट

लखनऊ, 15 मई (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने वाराणसी और गोरखपुर सहित 13 शहरों में 26 नगर वन क्षेत्र (सिटी फॉरेस्ट) विकसित करने की पहल की गई है। सरकार ने इस पहल को अगले छह महीने में अमलीजामा पनहनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि राज्य का हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिये शुरु की गयी इस पहल के दायरे में जिन 13 शहरों को चिन्हित किया गया है, उनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, झांसी, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, हरदोई, हाथरस, इटावा, हरदोई, रायबरेली, मुरादाबाद और अमरोहा शामिल हैं।

सरकार की इसके पीछे मंशा है कि इन वनों के विकसित होने पर पर्यटकों को नेचुरल पिकनिक स्पॉट का एक विकल्प मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार इको टूरिज्म के दायरे का भी विस्तार विस्तार होगा। स्थानीय स्तर पर रोजी-रोटी के अवसर मिलना इस अभिनव योजना का बोनस होगा। हर सिटी फॉरेस्ट के लिए केंद्र की ओर से निधारित 2 करोड़ रुपये की धनराशि में से 1.40 करोड़ रुपये की धनराशि राज्य सरकार को जारी कर दी गई है। जल्द ही यह धनराशि संबंधित जिलो को काम शुरू कराने के लिए उपलब्ध करा दी जाएगी। उम्मीद है कि विश्व पर्यावरण दिवस ( 5 जून ) पर इस बाबत पौधरोपण की शुरुआत भी हो जाएगी। ये वन क्षेत्र बाउंड्री या बाड़ से घिरे होंगे। इनमें स्मृति वन, आरोग्य वाटिका, नक्षत्र वाटिका और हरिशंकरी वाटिका बनाई जाएगी। जैव-विविधता के लिए इसमें सभी प्रकार की सजावटी, झाड़ियां, बेलदार, औषधीय पौधे, फूल और फलों के पौधे लगाए जाएंगे। यहां एडवेंचर स्पोर्ट्स, साइकिल ट्रेक, पाथवेज, आपेन जिम, जागर्स पार्क, बेंच समेत जनसुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। मालूम हो कि पर्यावरण संरक्षण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में से एक है। अपने पहले कार्यकाल से ही उनका जोर प्रदेश में हरियाली का रकबा बढ़ाने का रहा है। लोग इस अभियान से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ें इसके लिए मुख्यमंत्री की पहल पर गंगा के किनारे गंगा वन, नक्षत्र वाटिका, गृह वाटिका, राम वनगमन मार्ग पर उस समय के पौधों का पौधरोपण, विरासत वृक्षों का संरक्षण एवं संवर्धन, ब्रज क्षेत्र में द्वापर युग मे जितने तरह के वनों का जिक्र है उनको केंद्र में रखकर पौधरोपण, अपने पूर्वजों के नाम पर पौधरोपण जैसी योजनाएं शुरू की गयीं। इनका नतीजा भी निकला।

## लगातार तूल पकड़ रहा है जन्नत कॉलोनी का चर्चित हत्याकाण्ड

कांधला, १५ मई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव जन्नत कॉलोनी के चर्चित नाम हत्याकांड का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। बता दें कि ७ मई को जन्नत कॉलोनी में ३५ वर्षीय ईनाम की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए मृतक की पत्नी आश्मीन व दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन मृतक व्यक्ति के परिजन घटना के खुलासे से संतुष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं। मृतक व्यक्ति के परिजन घटनाक्रम में एक दरोगा के भी शामिल होने का आरोप लगा रहे हैं। रविवार को मृतक व्यक्ति के पिता अशरफ पुत्र सद्दीक मौहल्ला जन्नत कॉलोनी ने प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया, उसके पुत्र इनाम की हत्या थाने में तैनात तत्कालीन दरोगा व उसके साथियों ने कर दी थी, जिसे कांधला पुलिस ने धारा ३०२ के स्थान पर ३०४ आई.पी.सी. में अपराध संख्या १६५ पर दर्ज किया था। उपरोक्त के सम्बन्ध में पीड़ित ने पुलिस के उच्च अधिकारियों सहित शासन को पत्र लिखकर ११ मई को अवगत कराकर दरोगा सहित अन्य हत्यारों को इनाम की हत्या करने पर धारा ३०२ में जेल भेजने की मांग की थी, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा न्यायोचित विवेचना नही की गई है और दरोगा सहित अन्य हत्यारों को संरक्षण देने में लगी है। मृतक इनाम के छोटे-छोटे बच्चे हैं और पीड़ित ६१ वर्ष का वृद्ध व्यक्ति है तथा पुलिस से पीड़ित को न्याय की आशा नही है। इसलिये पीड़ित पिता ने इनाम की हत्या की विवेचना सीबीआई द्वारा कराई जाने की मांग की है। हालांकि पुलिस मामले में तीन लोगों को जाँच में दोषी पाये जाने पर जेल भेज चुकी है।

## धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को भेजा जेल

कांधला, १५ मई (बु.)। थाना पुलिस ने धोखाधड़ी करने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इरफान पुत्र इस्लाम निवासी मौहल्ला शेखजादगान ने गढ़ी दौलत निवासी हारुन पुत्र जरूर को पैसे देकर दुकान खरीदने के लिए ईकरानामा कराया था। आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने पैसे लेने के पश्चात् भी दुकान का बैनामा अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया। पीड़ित ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी व्यक्ति ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी, जिसके चलते पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में दुकान का इकरारनामा कर रुपये लेने तथा बाद में वादी को बैनामा न करके किसी अन्य को उक्त दुकान का बैनामा कर रुपये वापस न कर धोखाधड़ी करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। रविवार को पुलिस ने हारुन पुत्र जहूर निवासी ग्राम गढ़ीदौलत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



गांधी कॉलोनी में महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानन्द महाराज के अवतरण दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करती बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ की पुत्री वृन्दा दुआ व रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देते आयोजक।

## बीस वर्ष की उम्र में पहली बार किया रक्तदान

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। श्री ज्ञानानन्द महाराज के अवतरण दिवस पर गांधी कॉलोनी में लगाए गए रक्तदान शिविर में वृन्दा दुआ ने पहली बार रक्तदान किया। रक्तदान के बाद जब वृन्दा दुआ से पूछा गया कि उसे कैसा महसूस हो रहा है तो उसने कहा कि उसने कम उम्र में पहली ही बार रक्तदान किया है और उसके रक्तदान से यदि किसी का जीवन बचता है तो वास्तव में उसे इस बात की खुशी होगी। वृन्दा दुआ ने कहा कि यह सच्ची सेवा का मार्ग है और जिसे भी उक्त रक्त मिलता है उसे इस बात की अहमितयत पता होता है कि रक्तदान का महत्व क्या है। कभी कभी रक्तदान के बिना जीवन भी जाने की सम्भावनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में हम सबको रक्तदान में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

## सिखों के पांचवें धाम हेमकुंड साहिब के कपाट 22 को खुलेंगे

देहरादून 15 मई (वार्ता) उत्तराखंड स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल और पांचवें धाम के रूप में विख्यात श्री हेमकुण्ड साहिब गुरुद्वारा के कपाट आगामी 22 मई को खोले जायेंगे। गुरुद्वारा प्रबन्धन ट्रस्ट उपाध्यक्ष सरदार नरेंद्रजीत सिंह विन्द्रा ने रविवार को यहाँ यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एवं गुरुद्वारा श्री हेमकुण्ड मैनेजमेंट ट्रस्ट द्वारा विचार-विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया है कि श्री हेमकुन्ट साहिब जी की यात्रा, जो 22 मई से प्रारंभ हो रही है, पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या निर्धारित की जाए। इसलिए प्रतिदिन 5000 श्रद्धालु श्री हेमकुन्ट साहिब जी के दर्शन कर सकेंगे।

## ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की वीडियोग्राफी का 80 प्रतिशत काम पूरा हुआ

वाराणसी, 15 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी का काम दूसरे दिन, रविवार को भी जारी रहा तथा इसका अधिकतर काम पूरा हो गया। स्थानीय अदालत के आदेश पर वीडियोग्राफी सर्वे का काम शनिवार को शुरु हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 80 प्रतिशत क्षेत्र की वीडियोग्राफी की जा चुकी है। इस दौरान पूरे परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। कड़े सुरक्षा इंतजामों के तहत वीडियोग्राफी से संबंधित सामग्री भी सर्वे टीम द्वारा वहीं जमा करवा दी जाती है। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने परिसर की वीडियोग्राफी के आदेश दिये थे। इस मामले में की जा रही वीडियोग्राफी की रिपोर्ट एडवोकेट कमिश्नर 17 मई के पहले अदालत में पेश करेंगे। जिस पर अदालत 17 मई को सुनवाई करेगी। रविवार को मस्जिद के ऊपरी इलाके की वीडियोग्राफी की गयी। शनिवार को मस्जिद के तहखाने के विभिन्न कमरों का सर्वे किया गया था।

## रक्त दान शिविर व गौशाला में यज्ञ और प्रसाद वितरण

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी महाराज की सद्प्रेरणा से संचालित जीओ गीता श्री कृष्ण कृपा परिवार मुजफ्फरनगर के महामंत्री अतुल कुमार गर्ग ने बताया कि आज रविवार को स्वामी श्री ज्ञानानन्दजी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आज प्रातः काल श्री कृष्ण कृपा गोपाल गौशाला विष्णु विहार जानसठ रोड पर डॉ. आर.के. सिंघल के निवास पर सभी सदस्यों के द्वारा गीता यज्ञ तथा गौ सेवा का कार्य किया गया। तत्पश्चात ओम योगा केंद्र गांधी कॉलोनी में अनुज शर्मा योगाचार्य के सहयोग से रक्त दान शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग ७५ रक्तदाताओं ने रक्त देकर अपने जीवन को सफल बनाया तथा मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल की टीम द्वारा भरपूर सहयोग मिला। प्रसाद वितरण अमर कान्त गुप्ता एड. के कृष्णा चेम्बर पर किया गया, जिसका उद्घाटन नयन जाग्रति के संपादक सुनील जैन व उनके पुत्र शुभम जैन, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, पूर्व आयकर अधिकारी श्यामलाल बंसल, अमरकांत गुप्ता, डॉ. मनोज काबरा, सुरेन्द्र अग्रवाल, होतीलाल शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया, जिसमें लगभग हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा सभी ने गुरुदेव कि लम्बी उम्र की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, सुनील जैन, अनुज शर्मा, डॉ. आर.के. सिंघल, होतीलाल शर्मा, श्याम लाल बंसल, अमर कान्त गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल, कमल गोयल, दिवाकर विक्रम सिंह सोलंकी, सुनील शर्मा, शैलेन्द्र किंगर, सुभाष गर्ग, अजय गर्ग बैंक वाले, अनुज शर्मा, अतुल कुमार गर्ग, अमित गर्ग, नीरज सोलंकी, सुरेन्द्र सिंघल, संजीव वर्मा, स्वीटी गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## ब्राह्मण समाज ने किया राज्यमंत्री का स्वागत

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप शर्मा और अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अक्षय शर्मा के सानिध्य में जिले के ब्राह्मणों द्वारा नगर विधायक एवं राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल का जनपद मुजफ्फरनगर में बीते दिनों निकली भव्य भगवान परशुराम शोभायात्रा में उपस्थित रहने पर धन्यवाद व्यक्त किया। इस बीच ब्राह्मण समाज के द्वारा राज्यमंत्री का शोभायात्रा का प्रतीक चिन्ह भेंट करके किया गया।

रविवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल का ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की शोभायात्रा में सहयोग देने के साथ योगी सरकार द्वारा ब्राह्मण कल्याण आयोग के गठन किए जाने के लिए भी पहल किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। नगर विधायक एवं राज्यमंत्री कपिल देव ने इस बीच आवास पर पहुंचे विप्रजनों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष अक्षय शर्मा के साथ महिला विंग की जिलाध्यक्ष नीरज गौतम, नगर अध्यक्ष प्रमोद शर्मा, कमल दुबे, मनीष देव वत्स, विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, आचार्य राममिलन दुबे, शम्भू दुबे, शिवकुमार शास्त्री, जितेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।



### आवश्यकता है

1. एक मेड की, जो खाना बनाना जानती हो, बाहर जाना होगा।
2. एक ड्राईवर की, जो ऑटोमैटिक गाड़ी को चलाना जानता हो।

वेतन : योग्यतानुसार

-: सम्पर्क करें :-
9568656955
9997127462

## जोधमल बाबा के वार्षिक मेले का शुभारम्भ




पुरकाजी, १५ मई (बु.)। गांव गोधना के जंगल मे जोधमल बाबा के वार्षिक मेला महोत्सव का पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल ने फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रसाद चढ़ाया और देश-प्रदेश व परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना कर प्रसाद ग्रहण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव गोधना के जंगल में बाबा जोधमल मंदिर पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में झूले चाट, पकौड़ी, बच्चों बड़ो के हर सामान की दुकान लगाई हुई थी। मेले में प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। मेले के आयोजक मनोज कुमार ने बताया कि लगभग ५०० सौ साल पूर्व बाबा जोधमल यहां वीरान जंगल में तपस्या करते थे और लोगों की परेशानियां दूर करते थे। उनके देहांत के बाद लोगों ने उनकी समाधि बना दी। बाद में यहां मंदिर का निर्माण कर दिया गया। यहां प्रतिवर्ष बाबा के एक दिवसीय मेले का आयोजन होता है, जिसमें क्षेत्र के गांव के लोगों सहित गांव के रिश्तेदार बाबा के दरबार में प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि उनकी हर मुराद बाबा पूरी करते हैं, जिस कारण वह प्रतिवर्ष प्रसाद चढ़ाने आते हैं। मेले के आयोजक द्वारा यहां भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। मेले में पहुँचे हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जहां मेले के आयोजक द्वारा युवाओं को जिम्मेदार दी गई थी, वहीं मेले की परमिशन होने के कारण प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार गौतम ने मंदिर पर जाकर मेला आयोजक से बात कर भारी पुलिस बल लगाया हुआ था। रविवार को मेले का सुभारम्भ पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल द्वारा फीता काटकर किया गया पूर्व विधायक ने बाबा को प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। इस दौरान मेला आयोजक मनोज कुमार, मंडल अध्यक्ष मनोज जोधा, धर्मेंद्र तोमर, हिमांशु सैनी, अमित गुप्ता, ग्राम प्रधान सुभाष कुमार, रामकुमार कश्यप, मोनू रावल, सुशील कुमार, गुड्डू लम्बरदार, सोमरण सिंह, सोमपाल फौजी आदि मौजूद थे।

## राज्य के 331 एडेड डिग्री कालेज काशन मनी से कर सकेंगे सुविधाओं का विस्तार

लखनऊ, 15 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश सरकार ने हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन के तहत अशासकीय (एडेड) और स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में काशन मनी से अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार की अनुमति देने का फैसला किया है। सेल्फ फाइनेंस महाविद्यालय भी राज्य विश्व विद्यालयों के सहयोग से संसाधन और सुविधाओं में इजाफा कर सकेंगे। इसके लिए शासन स्तर से कार्य योजना तैयार की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार कर रही योगी सरकार ने अशासकीय और स्ववित्तपोषित कालेजों में बुनियादी सुधार और अवस्थापना सुविधाओं के उच्चीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य के 331 एडेड कालेज अब जमा काशन मनी का उपयोग अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार में कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने अनुमति देने जा रही है। इसे एडेड कालेजों में सुधार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

इसी क्रम में सरकार सेल्फ फाइनेंस कालेजों के कायाकल्प के लिए कार्य योजना तैयार कर रही है। इसके तहत 7300 से अधिक सेल्फ फाइनेंस कालेजों की अवस्थापना सुविधाओं बढ़ाने में राज्य विश्वविद्यालय सहयोग करेंगे। अभी तक स्ववित्तपोषित कालेज अपने संसाधन से अवस्थापना सुविधाओं की व्यवस्था करते थे। विश्वविद्यालयों से सहायता मिलने के बाद सुविधाएं बढ़ने से शिक्षा का स्तर सुधरेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने शिक्षा के आधुनिकीकरण और नवाचार के लिए महाविद्यालयों में अगले तीन चार वर्षों में स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था और स्टीम लैब्स के नवीनीकरण की योजना तैयार की है। हायर एजुकेशन रेनोवेशन मिशन के तहत तीन सालों में 50,100 और 181 कॉलेजों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह आगामी चार वर्षों में क्रमशः 50,50,100 और 131 कालेजों में स्टीम लैब्स का नवीनीकरण किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि योगी सरकार में उच्च शिक्षा बजट का वित्तीय वर्ष 2021-22 में बढ़कर 3678.56 करोड़ रहा, जो 2003-04 की तुलना में सात गुना और 2012-13 के सापेक्ष डेढ़ गुने से अधिक है। वर्ष 2003-04 में उच्च शिक्षा का बजट 530.02 करोड़ था। 2012-13 में यह 2501.66 और 2017-18 में 2655.8 करोड़ था। वहीं वित्तीय वर्ष में बजट को बढ़ाकर 3678.56 करोड़ आवंटित किया गया।

## रक्तदान व चिकित्सा शिविर लगाया

*सिसौली, १५ मई (बु.)। किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की ११ वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सिसौली में एक विशाल चिकित्सा कैंप लगाया गया। जिला चिकित्सालय द्वारा आयोजित ब्लड बैंक डोनेट कैंप में १०० लोगों ने अपना ब्लड डोनेट किया। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के सबसे छोटे बेटे सुरेंद्र टिकैत सहित लोग ब्लड बैंक में अपना ब्लड डोनेट करने के लिए आतुर दिखाई दिए। वहीं मेरठ के डीएम गैस्ट्रो डॉ. विनीत तोमर ने पेट, आंत एवं लीवर संबंधी बीमारियों का कैंप लगाकर १०५ मरीजों की चिकित्सीय जांच की और उन्हें मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई।*



भाकियू संस्थापक चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते जयंत चौधरी, सभा में वक्तव्य देते दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया तथा आयोजन में उपस्थित सिसौदिया के पास राकेश टिकैत, दिग्विजय चौटाला व हरेन्द्र मलिक।

## हमने आंदोलन में दिया किसानों का साथः मनीष सिसौदिया

सिसौली, १५ मई (बु.)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया ने चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि किसानों पर काले कृषि कानून के विरोध में किसान आंदोलन में आम आदमी पार्टी ने किसानों का बहुत हद तक साथ दिया। केंद्र सरकार द्वारा भेजा गया स्टेडियम का प्रस्ताव, जिसमें किसानों को स्टेडियम में रखने का प्रस्ताव था, जो कि कहने को स्टेडियम था, मगर एक जेल की तरह था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा केंद्र सरकार के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। मनीष सिसौदिया ने कहा कहा कि पेट रोटी से भरता है इंटरनेट से नहीं और रोटी किसान के खेत में पैदा हुए अन्न से बनती है, रोटी दिल्ली में पैदा नहीं होती। इसलिए किसान व किसान संगठन को मजबूत करना सबसे पहला कार्य होना चाहिए।

## सूरत पुलिस ने व्यापारी दंपती को लिया हिरासत में

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के दक्षिणी सिविल लाइन निवासी एक दंपती कपड़ों का होलसेल का काम करता है। पुलिस के अनुसार, उक्त व्यापारी दंपती ने कुछ समय पूर्व गुजरात प्रांत के सूरत शहर स्थित एक बड़े कारोबारी के यहां से ७२ लाख रुपये का कपड़ा खरीदा था। इसमें से व्यापारी दंपती ने ५४ लाख रुपये का भुगतान कर दिया था, जबकि शेष २० लाख रुपये का भुगतान करने में आनाकानी की जा रही थी। लंबी टालमटोल के बाद सूरत के कारोबारी द्वारा अपने यहां के पुलिस थाने में व्यापारी दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज करा दिया गया था। इसी मामले में रविवार को सूरत पुलिस पीड़ित कारोबारी के साथ सिविल लाइंस थाने पहुंची और इंस्पेक्टर संतोष त्यागी से मिलकर उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस के साथ गुजरात पुलिस आरोपी व्यापारी दंपती के घर पहुंची, जहां से उन्हें हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। वहां दोनों पक्षों के बीच पुलिस की मौजूदगी में वार्ता हुई, जिसके अनुसार आरोपी दंपती ने मौके पर ही सूरत के कारोबारी को उनके २० लाख रुपये बकाया धनराशि का चैक सौंप दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया, जिस पर सूरत पुलिस बैरंग लौट गई।

## सड़क हादसे में तीन घायल

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। हाईवें पर गुप्ता रिसोर्ट के निकट हुए सड़क हादसे में पूरा परिवार घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल दंपति सहित तीन लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर हालत के चलते उन्हें रैफर कर दिया गया। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के महरौली थाना क्षेत्र के मेहता चौक निवासी ओम प्रकाश गुप्ता का परिवार तीर्थ यात्रा हेतु हरिद्वार गया था, जहां से वह लोग आज वापस लौट रहे थे। गुप्ता रिसोर्ट के निकट उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में परिवार के सभी लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल ओमप्रकाश गुप्ता उनकी पत्नी कांता देवी व पुत्र राजेंद्र कुमार को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत के चलते उन्हें रैफर कर दिया गया।

## पाकिस्तान में दो सिख नागरिकों की हत्या

इस्लामाबाद 15 मई (वार्ता)। अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तान के पेशावर शहर में रविवार को सिख समुदाय के दो सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा,''पेशावर के सरबंद इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने सिख समुदाय के दो सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी।'' श्री खान ने पुलिस महानिरीक्षक को हत्या में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, मृतक की पहचान सालजीत सिंह (42) और रंजीत सिंह (38) के रूप में हुई है। वे पेशावर के बाटा ताल बाजार में मसाला बेचने वाले दुकानदार थे। जब गोलीबारी हुई, तो दोनों मसाला बेच रहे थे।

## सुलगी दिल्ली, पारा ४९ डिग्री तक पहुंचा

नई दिल्ली, १५ मई (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में रविवार को दिनभर भीषण लू चली और तेज चमकदार धूप के बीच शहर के मुंगेशपुर में सबसे अधिक ४६.२ डिग्री सेल्सियस और नजफगढ़ में ४६ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। हालांकि दिल्ली में रविवार को दिनभर का औसतन अधिकतम तापमान ४५.६ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक १५ मई को पिछले ६ साल में यह सबसे गर्म दिन रहा है। रविवार को दिनभर दिल्लीवालों को भीषण लू सताती रही। तेज धूप के साथ उमस ५६ प्रतिशत दर्ज की गई। यहां न्यूनतम तापमान २५ डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के मुताबिक १६ मई को धूल भरी तेज आंधी चलने के आसार हैं।

# जब बहू कू भागना हो, कड़ियो मै सांप बतावै

### ❑राकेश टिकैत ने कहाः दबाव में गए कुछ लोग
### ❑18 मई को करनाल में जारी होगी इनकी सूची

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा है कि जो लोग अलग संगठन बनाने चले हैं, उन पर सरकारी दबाव है। अपने संगठन को असली भाकियू बताते हुए उन्होंने का कि उनके जाने से संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उनका कहना था कि जब बहू को नहीं रहना होता तो कड़ियों में सांप बताती है। ये लोग १३ महीने कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में शामिल रहे और अब इसे अच्छा बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि १८ मई को करनाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस पर विचार कर ऐसे लोगों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी, जो संगठन छोड़ चुके हैं।

भारतीय किसान यूनियन में टूट और इसके कई बड़े नेताओं द्वारा राकेश टिकैत पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए अलग संगठन बनाने के ऐलान के बाद आज भाकियू प्रवक्ता ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि जो लोग तीस पैंतीस साल संगठन के साथ रहे हैं अब उनकी विचारधारा भिन्न होने के कारण वे गए हैं। उन्होंने इसमें सरकारी दबाव के आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बड़ी चीज होती है। क्या वजह है कि जो लोग तेरह महीने तक कृषि कानूनों को खराब बताकर आंदोलन में शामिल थे। अब उन्हें कृषि कानून अच्छे लगने लगे हैं। आज भी कई लोगों के फोन उनके पास आए कि वे लौटना चाहते हैं, पर पता नहीं क्या मजबूरी है कि वे नहीं आए। पिछले दिनों चल रहे कई विवादों में बालियान खाप और गठवाला खाप के अलग होने के बारे में पूछे जाने पर राकेश टिकैत ने कहा कि खापों में कंपीटीशन हो तो अच्छी बात है। संगठन पर एक परिवार के कब्जे के आरोपों को भी गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि जिन्होंने नया संगठन बनाया है, वे उसे चला लें। संयुक्त किसान मोर्चा में साढ़े तीन सौ संगठन हैं। हां जो लोग इतने दिनों साथ रहे उनके जाने का दुख रहेगा। हमारा संगठन भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नाम से रजिस्टर्ड है। जो अलग संगठन बनाएगा उसे इसके आगे पीछे कुछ लिखना पड़ेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि १८ मई को करनाल में संगठन की रणनीति पर चर्चा होगी और ऐसे नामों का ऐलान किया जाएगा, जो भाकियू से जा चुके हैं।

## हम कहां राजनीति करते हैं!

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। संगठन छोड़ने वाले नेताओं द्वारा राकेश टिकैत पर राजनीति करने का आरोप लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हम कहां राजनीति कर रहे हैं। हमारा संगठन तो अराजनीतिक है। राकेश टिकैत ने कहा कि हम सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं तो इसमें क्या राजनीति है। उन्होंने धर्मेंद्र मलिक का सपा का टिकट काटकर राजपाल बालियान को दिए जाने के विवाद के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि हम कहां चुनाव लड़ रहे हैं। हम कौन हैं जो किसी को टिकट दिलवाएं। ना हम टिकट की मांग करते हैं।



## इस सरकार ने युवाओं को कलम की जगह तलवारें थमा दीं : जयंत

सिसौली, १५ मई (बु.)। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने किसानों के लिए स्व. चौधरी चरण सिंह, स्व. चौ. अजित सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि किसानों को जगाने के काम को स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने आगे बढ़ाया। उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिकता की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के नुमाइंदों ने किसानों के युवाओं के हाथ में कलम के स्थान पर तलवार देकर युवाओं को दिग्भ्रमित करने का घिनौना अपराध किया है। रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत ने कहा कि जो सपना स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह व स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किसान हितों के लिए देखा था, उसे हमें पूरा करना होगा। आज कहीं ना कहीं किसान सामाजिक व राजनीतिक रूप से पिछड़े हुए हैं। गांव, देहात के किसानों को एक होकर किसान हितों की रक्षा के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी सामाजिक व राजनीतिक कार्यों में हिस्सेदारी करनी होगी। चौधरी जयंत ने किसान भवन स्थित चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की समाधि पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात वह सिसौली स्थित टिकैत आवास भी पहुंचे, जहां उन्होंने अखंड ज्योति के दर्शन कर नमन किया।

# बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर पहुंचे जयन्त और मनीष सिसौदिया

सिसौली, १५ मई (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की ११ वीं पुण्यतिथि जल, जंगल, जमीन बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। आज किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पत्नी श्रीमती बलजोरी देवी टिकैत की १३वीं पुण्यतिथि भी थी। इस मौके पर रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसौदिया के अलावा हरियाणा से जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला भी शामिल हुए। भाकियू संस्थापक की पुण्य तिथि के अवसर पर सिसौली के किसान भवन में न्याय भूमि के समक्ष यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के पुत्र सुरेंद्र टिकैत सपत्नीक यजमान रहे। तमाम वक्ताओं ने इस मौके पर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत द्वारा किसानों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। हरियाणा सरकार में साझीदार जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत हमारे लिए हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहे हैं और हम चौधरी राकेश टिकैत से अपेक्षा करते हैं कि उनका आशीर्वाद हम पर लगातार बना रहेगा। चौधरी दिग्विजय चौटाला ने किसान भवन में बन रहे पुस्तकालय व संग्रहालय को जनपद या प्रदेश स्तर का नहीं बल्कि भारत के सबसे अच्छे कंप्यूटराइज पुस्तकालय के २१ लाख रुपये देने का ऐलान किया। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने दिल्ली में मौहल्ला क्लीनिक बनाने की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली की सरकार ने जिस तरह दिल्ली प्रदेश में स्कूलों का कायाकल्प किया है और सरकारी स्कूलों में भी बच्चों के दाखिले कांपीटीशन के आधार पर होते हैं। दिल्ली सरकार के सहयोग से सिसौली के सरकारी विद्यालयों को भी दिल्ली के प्राइमरी स्कूलों की तर्ज पर विकसित करा कर उत्तर प्रदेश सरकार को प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों को इसी मॉडल पर विकसित कराने के लिए प्रेरित किया जाए। चौधरी राकेश टिकैत ने दिल्ली सरकार द्वारा बिजली पानी की दरों में बिजली, पानी व्यवस्था की भी तारीफ की। कार्यक्रम का संचालन ओमपाल सिंह मलिक फुगाना ने किया। कार्यक्रम में बुढाना विधायक राजपाल बालियान, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली, मीरापुर विधायक चंदन चौहान, गुलाम मौहम्मद जौला, मास्टर विजय सिंह, प्रभात तोमर, राजीव बालियान लेपरान पट्टी, अभिजीत, राहुल, नाज़िम, गौरव टिकैत, विशाल, नरेंद्र टिकैत, समाज सेवी कमल मित्तल, रघु एवं वंश टिकैत आदि उपस्थित रहे।

# बाबा टिकैत सदैव किसानों के सच्चे चिंतक रहेः बालियान

### ❑नौ वर्षो की राजनीति में पहली बार रही सिसौली से दूरी

नई दिल्ली/मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। बतौर किसान मसीहा के रूप में सदैव उनके हितों की सोच को लेकर चिंतित रहे स्व. महात्मा टिकैत को किसानों की राजधानी कही जाने वाली ग्राम सिसौली से केंद्र की राजधानी नई दिल्ली और लखनऊ राजधानी तक श्रद्धा से नमन किया गया। इस दौरान जहां उनसे जुड़े लोगों ने उनके आदर्शो पर आगे बढ़ने का एक ओर संकल्प दोहराया, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर सांसद केन्द्रीय पशुपालन, मत्स्यपालन एवं दुग्ध विकास राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि चौ. महेंद्र सिंह टिकैत देश के किसानों के सच्चे हित चिंतक नेता रहे हैं, जिन्होंने अपनी अंतिम सांस तक किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया।

रविवार को मुजफ्फरनगर के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री के रूप में डॉ. संजीव बालियान के लिए यह पहला मौका रहा, जब वें बाबा टिकैत की पुण्यतिथि पर किसानों की राजधानी कही जाने वाली सिसौली पहुंचने के बजाए रविवार को इस बार अपने नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को नई दिल्ली में संपन्न हुए कार्यक्रम के दौरान जनपद मुजफ्फरनगर समेत अन्य जिलों से बड़ी संख्या में चौ. महेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में किसानों के लिए संघर्ष करने वाले किसान नेता और उनके अनुयायी विचार गोष्ठी में मौजूद रहे। राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने इस दौरान चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार रखते हुए कहा कि किसानों ने 25 अक्तूबर 1988 को बोट क्लब पर पूरे देश से लाखों किसान जुटाकर पहली बार किसान शक्ति का परिचय दिया था, जिसके बाद परिवर्तन की आंधी में बड़े बदलाव के साथ किसानों की आवाज को संसद से गांव की चौपाल तक नई पहचान मिली। श्रद्धांजलि सभा में अन्य वक्ताओं ने कहा कि किसान नेता के रूप में सदैव चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने अपने आंदोलनों में किसान हितों के साथ-साथ देश के सम्मान और राष्ट्रहित को भी सबसे ऊपर रखा। इस दौरान नई दिल्ली में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुजफ्फरनगर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर सुभाष चौधरी, पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन चेयरमैन अशोक बालियान, भाकियू के वरिष्ठ नेता रहे राजू अहलावत, डॉ. राजमोहन, अलीगढ़ से अजीत बालियान, अजीत चाहर, डॉ. एसके काकरान, विश्वास तोमर, विजय ढाका, विश्वास चौधरी समेत अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

बता दें, केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान मुजफ्फरनगर के सांसद होने के साथ बाबा चौ. टिकैत की बालियान खाप से हैं और किसानों की राजधानी सिसौली के निकट ग्राम कुटबी के निवासी हैं। राजनीति में आने के बाद डॉ. संजीव बालियान हर वर्ष चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्य तिथि पर ग्राम सिसौली में उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने जाते रहे हैं। बीते नौ वर्षों में यह पहली बार है जब डॉ. संजीव बालियान सिसौली नहीं जाकर अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर ही बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को श्रद्धांजलि सभा और गोष्ठी का आयोजन करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सरधना से गायब महिला का शव मोरना में नाले के किनारे मिला

भोपा, १५ मई (बु.)। सरधना क्षेत्र से गायब हुई महिला का शव तीन दिनों बाद मोरना में शुक्रताल मार्ग पर नाले के किनारे फांसी लगी हालत में मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से फोटो वायरल होने पर परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। सन्दिग्ध परिस्थितियों में मिले महिला के शव की जांच में पुलिस जुट गयी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में रविवार की सुबह शुक्रताल मार्ग पर सड़क किनारे झाड़ियों में लघु शंका के लिये गयी महिला की नजर वहां झाड़ी में लटके महिला के शव पर पड़ी, तो उसकी चीख निकल गयी। महिला के शव की सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक पंकज रॉय व चौकी इंचार्ज मोरना गणेश शर्मा मौके पर पहुँच गये। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंची और गहनता से घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया तथा शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये। दोपहर को सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने पर महिला की शिनाख्त ५२ वर्षीय सरोज देवी पत्नी हरिचन्द



मृतका सरोज का फाईल फोटो व घटना की जांच करता डॉग स्क्वॉयड।

निवासी गांव एत्मादनगर अलीपुर थाना सरधना जिला मेरठ के रूप में हुई। भोपा थाना पहुंचे मृतका के पुत्र भास्कर ने बताया कि उनकी माता सरोज देवी गत १३ मई की दोपहर घर से यह कहकर निकली थी कि वह मौहल्ले में होने वाली शादी के पूर्व लोकगीत संगीत में शामिल होने जा रही है। देर शाम तक जब सरोज घर न पहुंची तो परिजनों को चिन्ता हुई। सरोज की गुमशुदगी की सूचना सरधना थाने पर दी गयी। सरोज देवी की तलाश सभी सम्भावित स्थानों पर की गयी। रविवार को सरोज देवी के शव मिलने की सूचना पर परिजन थाने पर पहुंचे व शव की शिनाख्त की। परिजनों ने सरोज की हत्या की आशंका जताते हुए सरधना थाना पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाये व भोपा पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की है।

**सरोज की मौत की उलझी गुत्थी**

सरोज का शव मोरना में शुक्रताल मार्ग पर बस स्टैण्ड से चन्द कदम की दूरी पर नाले किनारे खड़ी झाड़ियों में एक छोटे से पेड़ की पतली शाखा से लटका मिला। महिला का आधा शरीर जमीन को छू रहा था तथा महिला के चप्पल व्यवस्थित अवस्था में मिले, जिससे महिला की हत्या की आशंका प्रबल हो गयी। महिला की एक पुत्री गीता की ससुराल मोरना में है। गीता पिछले १५ दिनों से अपने मायका में ही है। सरोज साधारण जाटव परिवार की ग्रहणी थी, जो फिलहाल कभी-कभी मानसिक ग्रस्त हो जाती थी तथा तांत्रिक वगैरह के पास झाड़-फूंक के लिये भी जाती रहती थी। सरोज की मौत को हत्या मानकर परिजन घटना के खुलासे की मांग कर रहे हैं।

## पति-पत्नी और वो के शक में बखेड़ा

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। शहर के एक थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता के पास शहर से सटे एक गांव निवासी युवती बतौर सहायक काम करती है। पिछले कुछ समय से अधिवक्ता की पत्नी को अपने पति व उनकी सहायक के बीच अवैध संबंधों का शक हो रहा था, जिसे लेकर उनके बीच विवाद भी हुआ। आरोप है कि शनिवार को महिला अपनी कुछ सहेलियों के साथ पति की सहायिका के घर पहुंची और उस पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगाते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। आरोप है कि मारपीट में युवती के चेहरे व सिर में गंभीर चोटें भी आईं, जिसके बाद महिला उसे धमकी देते हुए वहां से लौट आई। उधर घायल युवती को उसके परिजन लेकर रविवार को संबंधित थाने पहुंचे और आरोपी महिला व उसकी सहेलियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। मामला गंभीर देख पुलिस ने आरोपी महिला को कॉल कर थाने बुला लिया और उससे पूरे मामले को लेकर पूछताछ की, वहां भी महिला ने अपने पति व उनकी सहायिका के संबंधों पर शक जताते हुए मारपीट किए जाने की जानकारी दी, जिस पर थाना पुलिस ने महिला को कड़ी नसीहत देते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत करने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की चेतावनी दी। इस पर महिला ने थाने में ही पीड़ित युवती व उसके परिजनों से अपने कृत्य के लिए माफी मांगी, जिसके बाद मामले को रफा-दफा कर दिया गया।

## राजीव कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला

नयी दिल्ली 15 मई (वार्ता) श्री राजीव कुमार ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार ने निर्वाचन सदन में 25 वें मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि बेहतर चुनाव प्रबंधन और संचालन के लिए मतदाता सेवाओं को पारदर्शी और सुगम बनाया जायेगा। साथ ही, प्रक्रियाओं के सरलीकरण के लिए प्रौद्योगिकी को प्रमुख साधन बनाया जाएगा। श्री कुमार ने कहा, ''उन्हें भारतीय संविधान द्वारा उपहार में दिए गए बेहतरीन संस्थानों में से एक का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई है, वह संस्थान जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करता है। पिछले सत्तर वर्षों के दौरान हमारे नागरिकों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देने, मतदाता सूची की शुचिता सुनिश्चित करने, कदाचार को रोकने और हमारे चुनावों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने बहुत कुछ किया है।

## मुजफ्फरनगर में बीस करोड़ रुपये की लागत से होटल आईवीरा को मंजूरी

लखनऊ, १५ मई (एजेंसी)। होटल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) थ्री में ५७५ करोड़ की २३ परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। इतनी ही धनराशि की अन्य परियोजनाएं अभी पाइप लाइन में हैं। सीएम योगी ने २०१८ में प्रदेश में पर्यटन नीति तैयार कराई थी। उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ सालों में पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में पर्यटकों से लेकर निवेश में भी वृद्धि हुई है। सीएम योगी के पिछले कार्यकाल में पर्यटन विकास की करीब तीन हजार करोड़ रुपए की १०८४ परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। जबकि २०१२ से २०१७ तक मात्र ८२० करोड़ की २२२ परियोजनाएं ही धरातल पर उतर पाई थीं। जीबीसी थ्री में करीब डेढ़ सौ करोड़ की लागत से गोरखपुर में तीन नए होटल की आधारशिला रखी जाएगी। ऐसे ही बरेली में ७० करोड़ की लागत से तीन होटल, मेरठ में ६४ करोड़ की लागत से वेलनेस टूरिज्म और आगरा में ६६ करोड़ की लागत से ताज होटल और कन्वेंशन सेंटर बनने जा रहा है। जीबीसी थ्री परियोजना में मेरठ में ६४ करोड़ की लागत से वेलनेस टूरिज्म के अलावा मुजफ्फरनगर में २० करोड़ की लागत से होटल आईवीरा भी शामिल है।

## युवक ने खाया विषैला पदार्थ, मौत

कांधला, १५ मई (बु.)। पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बिना किसी कार्यवाही के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव जसाला निवासी २२ युवक ने देर रात्रि पारिवारिक विवाद के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ का सेवन करने के बाद जैसे ही युवक की तबीयत खराब होनी शुरू हुई, तो परिजनों को संदीप के जहर खाने का पता चला, तो उनमें कोहराम मच गया। परिजन युवक को आनन-फानन में शामली लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले को सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली, जिस पर परिजनों ने कोई भी कार्यवाही न करने की बात कहते हुए युवक का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शहर में पारा 41.2 डिग्री पहुंचा तो झुलसी जिंदगी

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। शहर में आज पारा उछलकर ४१.२डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान २५.२ डिग्री रहा। ऐसे में बढ़ती गर्मी और उमस में बिजली कटौती ने भी लोगों को खूब परेशान किया। नगर में गर्मी का कहर एक बार फिर बढ़ता जा रहा है। इसके चलते सीधे जन जीवन पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। आज गर्माहट कल के मुकाबले और बढ़ गई। ऐसे में सूरज आज आग उगलता हुआ प्रतीत हुआ। बीती रात और सुबह के समय भी आज गर्मी के तेवर तीखे थे। ऐसे में सुबह घूमने निकले लोगों ने भी तेज गर्मी का अहसास किया। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि न्यूनतम तापमान भी २५.२ डिग्री पर आ गया। इसके बाद जैसे-जैसे दिन चढ़ा तो गर्मी के तेवर भी तीखे होते चले गए। दोपहर होते होते आग उगलते सूरज के साथ पारा ४१.२ डिग्री पर पहुंचा तो तपती गर्मी में झुलसा देने वाली लू की मार से जन जीवन बेहाल रहा। मौसम विभाग ने अभी गर्मी का दौर जारी रहने के साथ कहा है कि पंजाब और हरियाणा के उत्तरी हिस्सों में हल्की बारिश के साथ धूल भरी आंधी और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। पंजाब हरियाणा के शेष हिस्सों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में हल्की धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। रविवार को शहर से लेकर देहात तक अघोषित कटौती, ट्रिपिंग के चलते लोग उबल गए। शहर में कई इलाको में दिन में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की वजह से कई बार बिजली गई।



## कश्मीरी पंडितों को दी धमकी : कश्मीर छोड़ो या मरने के लिए तैयार रहो

नई दिल्ली, १५ मई (एजेंसी)। लश्कर-ए-इस्लाम नामक आतंकवादी संगठन जम्मू कश्मीर में रह रहे कश्मीरी पंडितों को धमकी देते हुए कहा कि वे घाटी छोड़ दें। पुलवामा के हवाल ट्रांजिट आवास में रह रहे कश्मीरी पंडितों के नाम जारी पत्र में संगठन ने लिखा है कि सभी मौत का सामना करने के लिए तैयार रहो। पत्र में यह भी लिखा गया है कि कश्मीरी पंडितों के लिए यहां कोई जगह नहीं है, जो चाहते हैं कि कश्मीरी मुसलमानों को मारकर कश्मीर में एक और इजराइल हो। दरअसल, आतंकवादी समूह लश्कर-ए-इस्लाम ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में रह रहे कश्मीरी पंडितों को धमकी देते हुए घाटी से चलने जाने की धमकी दी है। लश्कर ने एक धमकी भरा पत्र जारी कर लिखा है कि हवाल ट्रांजिट आवास में रह रहे कश्मीरी पंडित सरकारी कर्मचारी घाटी छोड़ दें या मौत का सामना करने के लिए तैयार रहें। पत्र में लिखा गया है कि सभी प्रवासी और आरएसएस एजेंट छोड़ दो या मौत का सामना करने के लिए तैयार रहो।

## कीटनाशक से युवक गंभीर

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। खेत में दवा छिड़कते समय कीटनाशक के प्रभाव में आकर एक युवक की हालत बिगड़ गई, उस उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि तितावी थाना क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा निवासी २० वर्षीय नितीश मलिक पुत्र श्रीचंद अपने खेतों में कीटनाशक का छिड़काव करने गया था। दवा छिड़कते समय दवा के प्रभाव से वह बेहोश हो गया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 5 तक 636 और 6 से 8 तक के बच्चों को मिलेंगे 901 रु.

लखनऊ, १५ मई (एजेंसी)। प्रधानमंत्री पोषण योजना (पुरानी मिड डे मील योजना) के तहत २०२१ के मार्च से अगस्त तक के बकाये का भुगतान अब किया जाएगा। फरवरी, २०२२ में इसके लिए आदेश जारी किया गया था लेकिन अब मिड डे मील प्राधिकरण ने धनराशि जारी की है। प्राइमरी (कक्षा एक से पांच) के विद्यार्थियों को ६३६ रुपये और जूनियर स्कूल (कक्षा छह से आठ) के बच्चों को ९०१ रुपये दिए जाएंगे। इस संबंध में मिड डे मील की निदेशक अनामिका सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। २४ मार्च से ३१ अगस्त तक के लिए यह धनराशि दी जा रही है। प्राइमरी के बच्चों को १२८ दिन और जूनियर के विद्यार्थियों को १२१ दिन की धनराशि दी जाएगी। इसमें गर्मी की छुट्टियों का खाद्य सुरक्षा भत्ता भी शामिल है। भत्ते के अलावा राशन भी कोविड-१६ के कारण स्कूल बंद करने के समय का दिया जाएगा। गर्मी की छुट्टियों का राशन नहीं दिया जाएगा क्योंकि सरकार पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना के तहत निशुल्क राशन दे रही थी। प्राइमरी स्कूल के विद्यार्थियों को ६४ दिन का ६.४ किलो राशन (३.२ किलो गेहूं व ४.३५ किलो चावल) और जूनियर के विद्यार्थियों को १३.०५ किलो (४.३५ किलो गेहूं व ८.७० किलो चावल)राशन दिया जाना है।



## एडीजी (तकनीकी) ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, १५ मई (बु.)। रविवार को अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी मोहित अग्रवाल द्वारा जनपद के समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर्स के साथ मीटिंग की गयी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक अपराध भी उपस्थित रहे। मीटिंग के दौरान एडीजी तकनीकी द्वारा जनपद के थानों पर चल रहे सीसीटीएनएस कार्य की समीक्षा की गयी तथा कार्य में गुणवत्ता व कार्यकुशलता को बेहतर करने के लिए सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को जरुरी अपडेट के बारे में बताया गया तथा उनसे फिडबैक भी लिया गया। मीटिंग के उपरान्त एडीजी तकनीकी द्वारा पुलिस लाइन में मौजूद लाईब्रेरी व कैफे का निरीक्षण किया। लाईब्रेरी में पढ़ रहे बच्चों से वार्ता कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी द्वारा कैफे में बनने वाले पोष्टिक खाने की जानकारी एडीजी को दी गयी।